■ भाद्रपद शुक्ल - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 57 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 18-09-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 आज मेरे नसीब में छह विकेट लेना लिखा था : सिराज

6 सुख समृद्धि का त्योहार है गणेश चतुर्थी

7 किसी की जान की कोई कीमत नहीं लगा सकता : प्रियंका चोपड़ा



### अवकाश की सूचना

सभी पाठकों और विज्ञापनदाताओं को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर 18 सितम्बर को दक्षिण भारत राष्ट्रमत कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 20 सितम्बर 2023 को प्रकाशित होगा।

- व्यवस्थापक

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कैसे होगा अंत

जारी है आतंकवाद,
हैं हमले रोज ठिकानों पर।
आतंकी हैं निर्द्वन्द्व,
कर रहे हम भी फ़क्र जवानों पर।
क्या होगा इसका अंत,
प्रश्न फिर उठने लगे बयानों पर।
कर दो बस इनको खत्म,
भरोसा होगा तभी जुबानों पर।।

# रोजमर्रा के जीवन में विश्वकर्मा के योगदान महत्वपूर्ण : मोदी

## प्रधानमंत्री ने 'यशोभूमि' के पहले चरण राष्ट्र को किया समर्पित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





प्रधानमंत्री ने पीएम विश्वकर्मा लोगो, टैगलाइन और पोर्टल भी लॉन्च किया। इस अवसर पर एक कस्टमाइज्ड स्टाम्प शीट, एक टूल किट, ई-बुकलेट और वीडियो भी जारी किया। उन्होंने 18 लाभार्थियों को विश्वकर्मा प्रमाण पत्र वितरित किए।

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के द्वारका में भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र 'यशोभूमि' के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया।

मोदी ने आज इसी के साथ ही विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा योजना' भी शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने पीएम विश्वकर्मा लोगो, टैगलाइन और पोर्टल भी लॉन्च किया। उन्होंने इस अवसर पर एक कस्टमाइज्ड स्टाम्प शीट, एक टूल किट, ई-बुकलेट और वीडियो भी जारी किया। उन्होंने 18 लाभार्थियों को विश्वकर्मा प्रमाण पत्र वितरित किए।

प्रधानमंत्री ने आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद प्रदर्शनी 'गुरु-शिष्य परंपरा' और 'नई प्रौद्योगिकी' का अवलोकन किया और यशोभूमि के 3डी मॉडल का भी निरीक्षण किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने द्वारका सेक्टर-21 से एक नए मेट्रो स्टेशन 'यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25' तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को समर्पित है। उन्होंने देश भर के लाखों विश्वकर्मा से जुड़ने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रदर्शनी का दौरा किया और कारीगरों और शिल्पकारों के साथ बातचीत करने के शानदार अनुभव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लाखों कारीगरों और उनके परिवारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना आशा की किरण बनकर आ रही है।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र 'यशोभूमि' के बारे में प्रधानमंत्री ने इस उत्कृष्ट सुविधा केन्द्र निर्माण में श्रमिकों और विश्वकर्माओं के योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, आज मैं देश के हर श्रमिक को, हर विश्वकर्मा साथी को यशोभूमि समर्पित करता हूं।

### एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का उद्घाटन, प्रधानमंत्री ने किया मेट्रो से सफर

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली मेट्रो में सफर किया और दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर-21 से सेक्टर-25 स्थित नए मेट्रो स्टेशन 'यशोभूमि' तक के विस्तार का उद्घाटन किया। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन से मेट्रो में सवार हुए और यशोभूमि मेट्रो स्टेशन तक की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री को यात्रियों से संवाद करते भी देखा गया। कुछ यात्री प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी लेते भी नजर आए।



### कोलंबो में सिराज का 'राज'

# भारत आठवीं बार बना एशिया कप चैंपियन


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलंबो/वार्ता।** मोहम्मद सिराज (21 रन पर छह विकेट) और हार्दिक पंड्या (तीन रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को गत विजेता श्रीलंका को दस विकेट से रौंद कर आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया।

एशिया कप समेत एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत को पांच साल के अंतराल के बाद एशिया कप की चमचमाती ट्राफी अपने घर लाने का मौका मिला है। इससे पहले वर्ष 2018 में भारत ने एशिया कप जीता था।

इस ऐतिहासिक जीत का सेहरा करिश्मायी गेंदबाज हैदराबाद के मोहम्मद सिराज के सिर पर बंधा जिन्होने अपनी लहराती गेंदों से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया और मेजबान टीम 15.2 ओवर के खेल में महज 50 रन ही बना सकी। इसके साथ ही करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सिराज सबसे तेज गति से एक दिवसीय 50 विकेट लेकर चौथे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं।

जवाब में भारत के इशान किशन (23) और शुभमन गिल (27) ने औपचारिकता निभाते हुये 6.1 ओवर में 51 रन बना कर भारत के नाम ऐतिहासिक जीत दर्ज करा दी। एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुये यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है।



Shri Rajendra Kumar Bothra
1954-2008

Vast as an ocean, tall as a wave
We cherish the togetherness life gave,
You stood tall yet also took others to height
We remember & miss you, our guiding light!

Bothra Family
'Mulberry House'
#2 O'Shaughnessy Road, Bengaluru - 560025

पंद्रहवी पुण्यतिथि
भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व. श्री घेवरचंदजी चुन्नीलालजी सुराणा
28.04.1941 - 19.09.2008

आपकी कर्मशीलता एवं आदर्शों के पावन स्मरण व उत्तरोत्तर प्रगति के संकल्प द्वारा प्राप्त हुई सफलता के पुष्प आज हम माइक्रो लैब्स लि. की स्वर्ण जयंती पर आपके श्री चरणों में श्रद्धापूर्वक सादर समर्पित करते हैं ।

श्रद्धावनत
समस्त सुराणा परिजन
बालराई (राज.)- बेंगलोर

MICRO LABS LIMITED
# 31, Race Course Road, Bangalore - 01
Ph. : 080-22370451-55 Fax : 080-22370463

Surana College • Surana Vidyalaya
SURANA EDUCATIONAL INSTITUTIONS
# 16, South End Road, Bangalore - 560 004.
Ph. : 080-26642292 Fax : 080-26541095



# हाई लाइफ की प्रदर्शनी में बेहतरीन डिजाइन्स की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। फैशन और लाइफस्टाइल के लिए मशहूर हाई लाइफ की प्रदर्शनी में रौनक छाई हुई है। इसका आगाज 16 सितंबर को बेंगलूरु के द ललित अशोक में हुआ था। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी है, जो 18 सितंबर को भी जारी रहेगी। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक है।

आयोजकों ने कहा कि चाहे खूबसूरत डिज़ाइनर परिधान हों, भावी दुल्हन के लिए शादी का पहनावा हो या हर दिन के फैशन परिधान, सहायक चीजें, आभूषण और यहां तक कि आपके घर के लिए फैशन स्टेटमेंट, इस प्रदर्शनी में आप शानदार प्रॉडक्ट पाएंगे। यहां देशभर के टॉप डिजाइनर कला के बेहतरीन डिजाइन पेश कर रहे हैं। यहां शादी के पहनावे, डिजाइनर परिधान और आभूषण से लेकर फैशन का सामान, घरेलू सामान और नए जमाने की कलात्मक वस्तुएं उपलब्ध हैं।

इसके अलावा ब्राइडल, गोल्ड, फुट वियर, बेड लिनन, नेल आर्ट, लहंगा, डायमंड, बैग और क्लच, फर्निशिंग, स्किन केयर, कस्टम मेड, सिल्वर, कमर बेल्ट, रग्स एंड कार्पेट, फेस केयर, कीमती स्टोन्स, हेयर एक्सेसरीज, फर्नीचर, बालों की देखभाल, डिजाइनर सूट, मिट्टी के बर्तन, हाथ से बने साबुन, पोशाक, पेंटिंग, सुगंध संग्रह, भित्ति चित्र, डिजाइनर साड़ी, मास्क, ब्लाउज, फॉर्मल वियर, ऑफिस वियर, दीया, कैजुअल, कैंडल्स, सेमी कैजुअल, स्टेशनरी, लाउंज, ट्राउसेउ पैकिंग, पार्टी वियर, गिफ्टिंग, मेन्स एथनिक वियर, किड्स वियर, शॉल और स्टोल आदि उपलब्ध हैं।



# सरजापुर रोड में भादवी बीज पर्व हर्षोल्लास से मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सीरवी समाज सरजापुर रोड ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादवी बीज पर्व हर्षोल्लास के साथ कोडती ग्राम स्थित सीएमआर भवन में आयोजित हुआ। रविवार को सुबह आई माता की तस्वीर पर ज्योति जलाकर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रथ द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। लालाराम हांबड़ एवं टीम की अगुवाई में गैर मंडल द्वारा गैर नृत्य प्रस्तुत किया गया। महिलाओं ने मंगलगीत गाते हुए एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

वहीं बोली दाताओं का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में देवाराम चोयल एवं नेमाराम चोयल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इससे पूर्व शनिवार को भादवी बीज की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस मौके अध्यक्ष गणेशराम परिहार, प्रकाश भायल, डूंगाराम पंवार, वोराराम सोलंकी, बाबूलाल हांबड़, सुखाराम चोयल, शिवलाल, थानाराम, ओंकार राम, सुजानराम बर्फा, अमराराम चोयल, गंगाराम काग, दिनेश सातपुरा, भूपेश कश्यप, भुण्डाराम गहलोत सहित सैंकड़ों सीरवी समाज के लोग उपस्थित थे।

# मैसूर रोड से निकला रामदेव पैदल यात्री संघ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यहां सर्व विष्णु समाज मैसूर रोड और गुर्दहल्ली बाबा रामदेव भक्त मण्डल द्वारा भादवी बीज पर पैदल यात्री संघ का आयोजन रखा। जिसमें करीब सवा सौ लोगों में महिला और पुरुष शामिल थे। यह पैदल यात्री हाथ में बाबा रामदेवजी का घोड़ा और ध्वजा लेकर बस्तीमल अडाणिया, महेंद्र घोडावड, राजूराम माली, प्रकाश माली, उमेश घोड़ावड़, मोहनलाल घोड़ावड़, ओम प्रकाश गोटवाल, राकेश चान्दौरा और समस्त बाबा रामदेव भक्त परिवार सुबह करीब 5 बजे मैसूर रोड से रवाना होकर बाबा के जयकारों के साथ सुबह 10:30 को देवरेचिकहल्ली धाम बाबा रामदेव के स्थान पहुंचे। वहां पर संत थानाराम जी महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर कुमावत समाज बेंगलूरु सिटी के अध्यक्ष माणिकचंद सिन्दड़ उपस्थित थे।

इस अवसर पर सर्व समाज में महाप्रसादी की व्यवस्था रखी दोपहर में भजनों की प्रस्तुति दी गई।

बाल संस्कार वाटिका — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के कृष्णराजपुरम राममूर्तिनगर श्रीसंघ के अंतर्गत पर्व पर्युषण के पावन उपलक्ष में रविवार को कोटे देवस्थान में बाल संस्कार वाटिका के द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन बालक बालिकाओं द्वारा किया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ सारे कार्यक्रम की प्रस्तुति की। संघ के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वाध्यायी शांतिलाल डूंगरवाल, भंवरलाल कवाड, माणकचंद कांकलिया, मनुलाल डुंगरवाल के नेतृत्व में हुआ। शांतिलाल डूंगरवाल ने बहुत सुंदर रूप से मानवीय गुणों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का संचालन मंत्री रिखबचंद मेहता और वाटिका टीचरों द्वारा किया गया।

# वोट बैंक की राजनीति के कारण तेलंगाना मुक्ति दिवस मनाने से झिझकते हैं दल : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि तेलंगाना राज्य के गठन के बाद भी राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति के कारण 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' मनाने से झिझकते हैं। शाह ने 17 सितंबर 1948 को पूर्ववर्ती निजाम शासन से क्षेत्र की आजादी और हैदराबाद राज्य के भारतीय संघ में विलय की याद में 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' मनाने के लिए आयोजित केंद्र के आधिकारिक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की।

गृह मंत्री ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के कारण राजनीतिक दल 'मुक्ति दिवस' मनाने से झिझकते हैं, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि देश के लोग उन लोगों से मुंह मोड़ लेंगे, जो अपने देश के इतिहास से मुंह मोड़ते हैं। शाह ने कहा कि देश के इतिहास, शहीदों के बलिदान और देश के स्वतंत्रता संग्राम का सम्मान करके ही तेलंगाना और देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी ली। शाह ने वर्तमान तेलंगाना, महाराष्ट्र और कर्नाटक में निजाम शासन के दौरान रजाकारों (निजाम के सशस्त्र समर्थकों) द्वारा किए गए अत्याचारों को याद किया। ये राज्य तत्कालीन हैदराबाद शासन का हिस्सा थे। उन्होंने हैदराबाद की मुक्ति का श्रेय देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को दिया और कहा कि उनके प्रयासों के कारण निजाम के रजाकारों ने आत्मसमर्पण कर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 75 साल में किसी सरकार ने ऐतिहासिक 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' नहीं मनाया। शाह ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण पूर्ववर्ती सरकारें हमेशा डरती रहीं और उन्होंने इसे नहीं मनाया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' मनाने का फैसला किया। शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था में 2014 में 11वें स्थान से अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से देश की संस्कृति और कला को लोकप्रिय बनाया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री एवं भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने भी इस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया। निजाम शासन के अधीन रहे हैदराबाद को 'ऑपरेशन पोलो' नामक एक पुलिस अभियान के बाद भारतीय संघ में मिला लिया गया था। 'ऑपरेशन पोलो' 17 सितंबर, 1948 को पूरा हुआ था।

# 'सनातन पर टिप्पणी से जनता के आक्रोश का अहसास होने पर विपक्षी गठबंधन ने रैली को निरस्त किया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ग्वालियर (मप्र)/भाषा।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') ने भोपाल में अगले महीने होने वाली अपनी प्रस्तावित रैली को निरस्त इसलिए किया है, क्योंकि उन्हें सनातन के खिलाफ इस गठबंधन के नेताओं के दिए बयान पर जनता के आक्रोश का अहसास हो गया है।

उन्होंने कहा कि जिस गठबंधन ने यह ठान लिया है कि वह महात्मा गांधी के सनातन धर्म को समाप्त करेगी, उस गठबंधन को खत्म करने का काम देश की 140 करोड़ जनता करेगी।

मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को ग्वालियर में विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत की।

जब उनसे विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा भोपाल में प्रस्तावित अपनी रैली को निरस्त करने पर टिप्पणी को कहा गया तो सिंधिया ने कहा, विपक्षी गठबंधन सनातन धर्म को नष्ट करना, देश भर में भ्रष्टाचार फैलाना, वंशवादी राजनीति और तुष्टिकरण करना चाहता है। लेकिन उसे अहसास हो गया कि जनता का आक्रोश उनके प्रति व्यापक है, इसलिए यह कार्यक्रम निरस्त किया।

# मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर



**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर हाल ही में 16 दिनों तक भूख हड़ताल पर रहे मनोज जारांगे को रविवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह जानकारी एक चिकित्सक ने दी। चिकित्सक ने कहा कि जरांगे का रक्तचाप थोड़ा कम है लेकिन उनके समग्र स्वास्थ्य मानक सामान्य हैं।

जरांगे (40) का उपचार कर रहे चिकित्सक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, भूख हड़ताल के दौरान जरांगे का वजन 8-10 किलोग्राम कम हो गया है। उनका रक्तचाप थोड़ा कम है। किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) रविवार को सामान्य था। भूख हड़ताल के दौरान केएफटी में उनका सीरम क्रिएटिनिन थोड़ा अधिक था। उन्होंने कहा कि जरांगे गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में नहीं हैं और अगर उन पर किए जाने वाले कुछ और जांच के नतीजे सामान्य आते हैं तो उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी।

# तेलंगाना देश में विकास का रोल मॉडल है : के चंद्रशेखर राव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदाराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने अपनी सरकार की विकासात्मक पहलों और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित करते हुए रविवार के कहा कि राज्य देश में विकास का रोल मॉडल है। राव ने 'राष्ट्रीय एकीकरण दिवस' के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद यह बात कही। 1948 में आज ही के दिन हैदराबाद की तत्कालीन रियासत का भारतीय संघ में विलय हुआ था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना सरकार को लगा कि हैदराबाद की तत्कालीन रियासत के भारतीय संघ में विलय के अवसर को 'राष्ट्रीय एकीकरण दिवस' के तौर पर मनाना उचित होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सद्भाव के मूल्यों, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के दृष्टिकोण, प्रथम गृह मंत्री सरदार पटेल की कुशाग्रता और निपुणता तथा कई अन्य नेताओं के प्रयासों से देश एकजुट हुआ। राव ने राज्य की तीव्र प्रगति और सरकार के कल्याणकारी कदमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में ऐसा कोई परिवार नहीं है, जो उनकी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित नहीं हुआ हो। तेलंगाना देश में विकास का रोल मॉडल है और इसका प्रमाण यह है कि अन्य राज्य उनकी सरकार की योजनाओं का अनुकरण कर रहे हैं।

# देश में बिजलीचालित वाहनों को बढ़ावा देने के लिए नीति स्पष्ट हो : एथर एनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ATHER

**नई दिल्ली/भाषा।** बिजलीचालित दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी का मानना है कि देश में इलेक्ट्रिक परिवहन को तेजी से बढ़ाने के लिए निवेश योजना बनाने को नीति के मोर्चे पर स्पष्टता जरूरी है। एथर एनर्जी के मुख्य कारोबार अधिकारी (सीबीओ) रवनीत एस फोकेला ने यह बात कही है।

एथर एनर्जी में हीरो मोटोकॉर्प प्रमुख निवेशक है। कंपनी को उम्मीद है कि 2030 तक घरेलू दोपहिया बाजार का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाएगा। इसके अलावा कंपनी भविष्य में भारत जैसे किसी बाजार में निर्यात की भी तैयारी कर रही है। फेम-दो (भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण को तेजी से अपनाना) योजना अगले साल मार्च में समाप्त हो रही है। फोकेला ने कहा कि एथर सरकारी समर्थन और सब्सिडी के मौजूदा स्तर से खुश है, लेकिन हमें उम्मीद है कि इसे तीन से पांच साल के लिए और बढ़ाया जाएगा।

फेम-दो के बारे में पूछे जाने पर फोकेला ने पीटीआई-भाषा से कहा, दो जरूरत हैं। पहला इसका समय बढ़ाया जाए। दूसरा नीति अनुकूल या स्पष्ट हो। उन्होंने आगे कहा, यदि नीति अस्पष्ट है, तो यह कारोबार की दृष्टि से अच्छा नहीं है।



# मुंबई में इस वर्ष गणपति उत्सव में पर्यावरण अनुकूल 'बप्पा' की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई में इस त्योहारी मौसम में सभी की पर्यावरण-अनुकूल उत्सव मनाने की योजना है क्योंकि यहां अधिक से अधिक लोग ऊंची कीमतों के बावजूद पर्यावरण-अनुकूल भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदने की इच्छा जता रहे हैं।

शहर में लोग 19 सितंबर से शुरू होने वाले 10 दिवसीय गणपति उत्सव मनाने की तैयारी में जुटे हैं। बाजार मूर्तियों और सजावट के समानों से भर गए हैं। इस वर्ष पर्यावरण-अनुकूल भगवान गणेश की मूर्ति की धूम मची है क्योंकि लोग प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी मूर्तियों के दुष्प्रभावों के बारे में अधिक जागरुक हो गए हैं। मध्य मुंबई के लालबाग इलाके में 'वेले ब्रदर्स' के नाम से अपनी दुकान चलाने वाले राहुल वेले पिछले तीन वर्षों से विशेष रूप से पर्यावरण-अनुकूल मूर्तियां बना रहे हैं।

वेले (23) ने कहा, मुझे बचपन में भी गणपति की मूर्तियां बनाना बहुत पसंद था। मैंने अपनी खुद की दुकान शुरू की है जहां मैं पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियां बनाता हूं खासकर मिट्टी की और ऐसा ही लोग चाहते हैं। उन्होंने बताया कि लोगों में मिट्टी की मूर्तियों के फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ी है। विसर्जित करने पर ये मूर्तियां पानी में पूरी तरह घुल जाती हैं और पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं होती हैं।

# भारत मंडपम और यशोभूमि से व्यापार, रोजगार को बढ़ावा मिलेगा: गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि दो विश्व स्तरीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र – प्रगति मैदान में भारत मंडपम और द्वारका में यशोभूमि – व्यापार, उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया, जबकि आईटीपीओ के भारत मंडपम का उद्घाटन 26 जुलाई को किया गया। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा है। गोयल ने कहा, भारत मंडपम और यशोभूमि व्यापार, उद्योग, निर्यात और रोजगार को बढ़ावा देंगे। यशोभूमि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र, किसानों और कारीगरों को बढ़ावा देगी और उनके लिए नए अवसर और बाजार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि कानूनों को सरल बनाने, स्टार्टअप को समर्थन देने और व्यापार बढ़ाने जैसे कदमों से देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

पीएम विश्वकर्मा योजना पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कारीगरों की कड़ी मेहनत को पहचाना है और यह योजना उन्हें सम्मान और मजबूती देगी।

# जम्मू कश्मीर: अनंतनाग में अभियान पांचवें दिन भी जारी, आतंकवादियों की तलाश तेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के गडोले वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों का सफाया करने का अभियान रविवार को पांचवें दिन भी जारी है, सुरक्षा बलों ने आस-पास के गांवों तक अभियान का दायरा बढ़ा दिया है और वन क्षेत्र में मोर्टार के कई गोले दागे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल घने वन क्षेत्र में ड्रोन और हेलीकॉप्टर के जरिए तलाश कर रहे हैं। माना जा रहा है कि बुधवार को शुरुआती मुठभेड़ में सेना के दो अधिकारियों और एक पुलिस उपाधीक्षक के शहीद होने के बाद से आतंकवादी इसी स्थान में छिपे हैं। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह अभियान प्रारंभ होते ही सुरक्षा बलों ने जंगल की ओर मोर्टार के कई गोले दागे। अधिकारियों ने बताया कि वन क्षेत्र में कई गुफानुमा ठिकाने हैं। आतंकवादियों पर हमला करने के लिए उनके सटीक ठिकाने का पता लगाने के वास्ते ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। ड्रोन से प्राप्त फुटेज में शुक्रवार को सुरक्षा बलों द्वारा एक ठिकाने पर गोले दागे जाने के बाद एक आतंकवादी भागते हुए दिखाई दिया।


अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी आवासीय इलाकों में न घुस पाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए एहतियात के तौर पर पड़ोसी पोश क्रेरी इलाके तक सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है।

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में मुठभेड़ स्थल के पास अभियान संबंधी तैयारियों की समीक्षा की।

सैन्य अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को उच्च प्राथमिकता वाले अभियानों के बारे में जानकारी दी, जिसमें बलों द्वारा उच्च प्रौद्योगिकी वाले साजो सामान का उपयोग किया जा रहा है।

# भारत में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग पर नजर : जेएलआर इंडिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) भारत में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग पर बारीकी से नजर रख रही है और उभरते परिदृश्य के आधार पर वह देश में और मॉडल उतारने की रणनीति बनाएगी। जगुआर लैंड रोवर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने यह बात कही है।

अंबा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि कई कारकों की वजह से घरेलू बाजार अपनी मांग को लेकर 'विशिष्ट' है। उन्होंने कहा, इस वजह से बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) की मांग पर हमारी नजदीकी नजर है। लक्जरी वाहन वाले उपभोक्ता अपनी पसंद और नई प्रौद्योगिकी को अपनाने के मामले में काफी समझ दिखा रहे हैं। ऐसे में हम उनके लिए कुछ खास वाहन देना चाहते हैं, जो उनकी आकांक्षाओं पर खरे उतरते हों। कंपनी फिलहाल देश में सिर्फ एक बिजलीचालित मॉडल 'जगुआर आई-पेस' बेचती है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर जेएलआर इस साल के अंत तक नई रेंज रोवर बीईवी के लिए बुकिंग शुरू करेगी, जो मौजूदा मॉड्यूलर लॉन्गिट्यूडिनल आर्किटेक्चर (एमएलए) की सफलता पर आधारित है। अंबा ने कहा कि एमएलए मंच कंपनी को विभिन्न बाजारों की मांग को पूरा करने के लिए आईसीई, हाइब्रिड और बीईवी रेंज रोवर्स का उत्पादन करने की सुविधा देता है।

शुरुआत



रविवार को कलबुर्गी में कल्याण कर्नाटक उत्सव के दौरान विभिन्न योजनाओं की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया।

# कर्नाटक की कांग्रेस सरकार गहरी नींद में है : येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोलार। कर्नाटक में सूखे को लेकर कांग्रेस सरकार के गहरी नींद में होने का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी एस येडीयुरप्पा ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए राज्य में यात्रा करेगी और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले खुद को मजबूत करेगी।

सिद्दरामैया की अगुवाई वाली राज्य सरकार के कामकाज के तौर-तरीके की आलोचना करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह पड़ोसी राज्य के दबाव में आकर तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर और पार्टी द्वारा शुरू की जाने वाली यात्रा से पूर्व येडीयुरप्पा और कई अन्य भाजपा नेता यहां कुरुदुमाले के भगवान गणेश मंदिर गये तथा उन्होंने वहां पूजा-अर्चना की।

मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए येडीयुरप्पा ने कहा, 'वह एक बार फिर प्रधानमंत्री बनें, यही प्रार्थना करने के लिए मैं अन्य पार्टी नेताओं के साथ आया हूं।' कर्नाटक में गंभीर सूखा पड़ने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने जनहित को पूरी तरह भूला दिया है तथा वह गहरी नींद में है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को जगाने की जरूरत है।

येडीयुरप्पा ने कहा, 'आज कुरूडमाले के भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने तथा कल गौरी-गणेश उत्सव मनाने के बाद मैं पार्टी को मजबूत करने तथा इस सरकार की विफलताओं के बारे में लोगों को बताने के लिए पार्टी के अन्य नेताओं के साथ राज्य के सभी जिलों की यात्रा करूंगा। भगवान का आशीर्वाद लेने के बाद इस सरकार के खिलाफ हमारा आंदोलन शुरू होगा। दरअसल ऐसी सोच हो चली कि यह सरकार उतनी ही अच्छी है जितना कि लोगों के लिए मरे व्यक्ति।'

उन्होंने कहा, 'हम हर जिले में जायेंगे और उस दौरान हम पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास जगाने के लिए उनके साथ बैठकें करेंगे।' उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है तथा पिछली बार की भांति भाजपा का कर्नाटक में 25 से अधिक (28 में से) सीट जीतने का लक्ष्य है।

येडीयुरप्पा ने कहा, हम यह मोदी को उपहार के तौर पर देना चाहते हैं और हम इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास करेंगे। हमें ऐसा कर लेने का भरोसा है। जनता दल एस के साथ भाजपा के गठजोड़ के विषय पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बातचीत चल रही है और इस पर अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर छोड़ दिया गया है।

## कर्नाटक में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग पर सिद्दरामैया ने कहा

# आलाकमान के फैसले का पालन करूंगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। कर्नाटक में तीन और उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की वकालत पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रविवार को कहा कि इस पर अंततः आलाकमान फैसला करेगा और वह फैसले का पालन करेंगे। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने शनिवार को कर्नाटक में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की पैरवी की थी और कहा था कि वह 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस आलाकमान के साथ इस पर चर्चा करेंगे।

सिद्दरामैया ने कहा कि यह मंत्री की निजी राय है, जो इसे पार्टी नेतृत्व के समक्ष उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि इस मुद्दे पर उन्हें कुछ नहीं कहना है और इस पर निर्णय लेना आलाकमान का काम है। सिद्दरामैया ने कहा, उन्होंने (राजन्ना) अपनी राय व्यक्त की है, लेकिन अंततः फैसला आलाकमान को करना है। आलाकमान ने कहा था कि एक उपमुख्यमंत्री पर्याप्त है। उन्होंने (राजन्ना) कहा है कि वह तीन




और उपमुख्यमंत्री को लेकर आलाकमान से बात करेंगे। करने दीजिए। यहां पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे पास (कहने के लिए) कुछ नहीं है। आखिरकार फैसला आलाकमान को करना है। आलाकमान जो भी फैसला लेगा, मैं उसका पालन करूंगा। राजन्ना ने वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदाय के एक-एक नेता को उपमुख्यमंत्री पद दिए जाने की वकालत की थी।वर्तमान में, वोक्कालिगा समुदाय से डी के शिवकुमार एकमात्र उपमुख्यमंत्री हैं। वह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। मंत्रिमंडल के गठन के समय कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया था कि शिवकुमार 'एकमात्र' उपमुख्यमंत्री होंगे। इस साल मई में विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए उनके और सिद्दरामैया के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। राजन्ना के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि राजन्ना द्वारा और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग में कुछ भी गलत नहीं है। परमेश्वर भी मई में सरकार बनने के समय उपमुख्यमंत्री पद की दौड़ में थे।

परमेश्वर ने कहा कि राजन्ना ने यह बात अच्छे इरादे से कही है। दलित समुदाय से आने वाले परमेश्वर ने कहा, लोकसभा चुनाव आ रहे हैं और सभी समुदायों को विश्वास में लेने के लिए उन्होंने (राजन्न) अपनी राय साझा की है, लेकिन इसे लागू करना है या नहीं, यह आलाकमान पर छोड़ दिया गया है।''

परमेश्वर लंबे समय तक कर्नाटक के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे। पूर्व में कांग्रेस-जनता दल (एस) गठबंधन सरकार के दौरान वह उपमुख्यमंत्री रहे थे।

# मगरमच्छ के हमले में मजदूर की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के चिदम्बरम के पास कट्टुकुडालूर में पुरानी कोल्लीदम नदी के तट पर शनिवार को मगरमच्छ के हमले में एक मजदुर की मौत हो गई। वन विभाग के मृतक की पहचान 54 वर्षीय पी.सुंदरमूर्ति के रूप में हुई है। खेतिहर मजदूर सुंदरमूर्ति अपने मवेशियों को नहलाने के लिए नदी में गया था।तभी नदी से एक मगरमच्छ निकला और उसकी बांह पकड़कर खींच कर पानी में ले गया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए अग्निशमन सेवा कर्मियों ने लगभग पांच घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद मजदूर का शव बरामद किया।

उद्घाटन


रविवार को कलबुर्गी में कल्याण कर्नाटक उत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने किया।

स्वागत


कोयम्बटूर के सुलुर इलाके में सुपरस्टार अभिनेता रजनीकांत अपनी बेटी सौन्दर्या की बेटी के कानछेदन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे। इस मौके पर कोयम्बटूर हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में उनके प्रशंसकों ने स्वागत किया। उसके बाद वह सौन्दर्या के निवास सुलूरु पहुंचे जहां उनके बड़े भाई सत्यनारायण राव भी उनके साथ थे।

# कावेरी मुद्दे पर सांसदों का प्रतिनिधिमंडल शेखावत से मुलाकात करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के सर्वदलीय सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल नयी दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात करेगा और कावेरी मुद्दे पर एक ज्ञापन सौंपेगा। तमिलनाडु को 12,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया गया। यहां एक बयान में, मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन करेंगे।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की 13 से 15 सितंबर के बीच कर्नाटक में कावेरी जलग्रहण क्षेत्रों में सामान्य बारिश की भविष्यवाणी का जिक्र करते हुए श्री स्टालिन ने कहा कि सीडब्ल्यूएमए/कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के आदेश पर श्री शेखावत को एक ज्ञापन सौंपा जायेगा जिसमें उनसे कर्नाटक सरकार को पानी छोड़ने का निर्देश देने का आग्रह किया जाएगा।

स्टालिन ने कहा कि एक लंबी कानूनी लड़ाई के परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट ने दो फरवरी, 2018 को बिलिगुंडलू में प्राप्त होने वाली राशि तय की। इसके अलावा, कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) के अंतिम फैसले और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, पानी संकट की अवधि के दौरान आनुपातिक आधार पर साझा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, आदेश के अनुसार, तमिलनाडु को 14 सितंबर तक 103.5 टीएमसी पानी मिलना चाहिए था। लेकिन उसे केवल 38.4 टीएमसी पानी मिला है।

यह कहते हुए कि मेट्टूर बांध में भंडारण 69.25 टीएमसी था और आईएमडी द्वारा सामान्य मानसून की भविष्यवाणी के आधार पर कुरुवई और सांबा धान की फसल की खेती के लिए 12 जून की सामान्य तारीख पर पानी छोड़ा गया था, मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि कर्नाटक सरकार ने ऐसा नहीं किया है। तमिलनाडु का हिस्सा जारी कर दिया गया और सीडब्ल्यूएमए और सीडब्ल्यूआरसी कोई समाधान नहीं ढूंढ सके, तमिलनाडु ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

उन्होंने कर्नाटक सरकार के इस बयान का जिक्र करते हुए कि तमिलनाडु की मांग अनुचित है क्योंकि उसने अपना अयाकट क्षेत्र बढ़ा दिया है और उसकी तरफ से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को राज्य के पत्र में कहा गया है कि तमिलनाडु को पूर्वोत्तर मानसून के दौरान पर्याप्त पानी मिलेगा, कहा, 'कर्नाटक सरकार के सभी दावे गलत हैं।'

# एनआईए की छापेमारी में डिजिटल उपकरण, भारतीय, विदेशी मुद्राएं जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि दक्षिण के दो राज्यों में 31 स्थानों पर शनिवार की छापेमारी के दौरान भारतीय और विदेशी मुद्राओं के साथ-साथ स्थानीय और अरबी भाषाओं में आपत्तिजनक पुस्तकों के अलावा कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए। तमिलनाडु और तेलंगाना में आईएसआईएस के भर्ती अभियान को विफल करने के लिए यह छापे मारे गए।

एनआईए की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईएसआईएस के कट्टरपंथ और भर्ती अभियान और योजनाओं पर एक बड़ी कार्रवाई में, दो दक्षिणी राज्यों में 31 स्थानों पर छापे मारे गए और भारतीय और विदेशी मुद्रा के साथ कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए। आतंकवाद रोधी एजेंसी तमिलनाडु और तेलंगाना में मारे गए छापों के दौरान जब्त किए गए मोबाइल फोन, लैपटॉप और हार्ड डिस्क में मौजूद डेटा की जांच करने की प्रक्रिया में है।

तलाशी के दौरान भारतीय मुद्रा में 60 लाख रुपये और 18,200 अमेरिकी डॉलर के अलावा स्थानीय और अरबी भाषाओं में कई आपत्तिजनक किताबें भी जब्त की गईं। एनआईए की टीमों ने तमिलनाडु आईएसआईएस कट्टरपंथ और भर्ती मामले में संदिग्धों के परिसरों पर छापा मारा और कोयंबटूर में 22 स्थानों, चेन्नई में तीन और तमिलनाडु के तेनकासी जिले के कदयानल्लूर में एक और तेलंगाना राज्य में हैदराबाद/साइबराबाद में अन्य पांच स्थानों पर छापे मारे।

एनआईए चेन्नई ने इस संबंध में भादस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जो भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के लिए व्यक्तियों के एक समूह द्वारा गुप्त संचालन से संबंधित है। उनके क्षेत्रीय अध्ययन केंद्रों के माध्यम से अरबी भाषा की कक्षाएं आयोजित करने की आड़ में कट्टरपंथ को अंजाम दिया जा रहा था। इस तरह की कट्टरपंथी गतिविधियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन प्रसारित की जा रही थीं। एनआईए की जांच से पता चला है कि आईएसआईएस से प्रेरित एजेंट उकसाने वाले खिलाफत विचारधारा के प्रचार-प्रसार में लगे हुए थे, जो भारत के धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के संवैधानिक रूप से स्थापित सिद्धांतों के लिए हानिकारक है।

एनआईए ने कहा कि इसमें शामिल व्यक्तियों के समूह ने युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की साजिश रची थी, जो बाद में आतंकवादी और गैरकानूनी कृत्यों और गतिविधियों में शामिल पाए गए।


# मैक्सिको दूतावास से भारतीय खिलाड़ियों के वीजा में विलंब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारत के फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में हिस्सा लेने पर अनिश्चितता के बादल छाए हैं क्योंकि बुधवार से शुरू हो रहे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए कुछ खिलाड़ियों को अब तक मैक्सिको सिटी की यात्रा का वीजा नहीं मिला है। सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों को मैक्सिको की राजधानी के लिए सोमवार को रवाना होना है और वीजा में विलंब के कारण इस वैश्विक प्रतियोगिता में उनके प्रतिनिधित्व को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

फिडे सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने पीटीआई से कहा, सर्वश्रेष्ठ प्रयासों और भारत सरकार से स्वीकृति के बावजूद हमें अब तक मैक्सिको दूतावास से स्वीकृति नहीं मिली है जिसके कारण वीजा जारी होने में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा,खिलाड़ियों को कल (सोमवार को) रवाना होना है और अंतिम दिन तक मामला लटका हुआ है। कोई स्पष्टता नहीं है कि वीजा समय पर जारी हो पाएगा या नहीं। पीटीआई के पास मौजूदा डाटा शीट के अनुसार भारत सरकार के खर्चे पर जा रहे पांच भारतीय खिलाड़ियों को अब तक वीजा नहीं मिला है। ये खिलाड़ी व्रशांक चौहान, अरूण कटारिया, भाग्यश्री पाटिल, प्रणीत वुप्पला और फेमिल चेलादुरई हैं। साथ ही कोच प्रवीण ठिप्से एम और किरण अग्रवाल भी इस सूची में शामिल हैं।

# एशियाई खेलों में दबाव से निपटना अहम होगा : शॉपमैन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेक शॉपमैन का मानना है कि आगामी एशियाई खेलों में 'प्रबल दावेदार' के रूप में उतरने वाली उनकी टीम के लिए दबाव से निपटना महत्वपूर्ण होगा। शॉपमैन ने हॉकी इंडिया की पॉडकास्ट श्रृंखला हॉकी ते चर्चा' पर कहा, मेरा मानना है कि एक व्यक्ति और एक टीम के रूप में खिलाड़ियों की जो मानसिकता है, उससे फर्क पड़ेगा। क्या हम दबाव में प्रदर्शन कर सकते हैं और हमारे सामने मौजूद परिस्थितियों से निपट सकते हैं?

उन्होंने कहा, 'हमने पिछले कुछ महीनों में इस बारे में बात की है और तोक्यो ओलंपिक में कमजोर टीम के विपरीत प्रबल दावेदार होने का क्या मतलब है।' कोच ने कहा, हमने इस टीम से अपेक्षाओं के बारे में बात की है। हमने यह भी बताया है कि वहां कौन से खतरे हैं जो ध्यान भटका सकते हैं और हमें नुकसान पहुंचा सकते हैं और हम उनसे कैसे निपट सकते हैं। नीदरलैंड की इस कोच ने कहा कि अगर उनकी टीम अपनी क्षमता से खेलती है तो हांगझोउ में स्वर्ण पदक जीत सकती है और अगले साल के पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई कर सकती है। शॉपमैन ने कहा, यात्रा का आनंद लेना भी महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि हम जीतेंगे, मुझे लगता है कि हम जीत सकते हैं लेकिन यह जीवन है और शायद ऐसा नहीं हो।

भारत को एशियाई खेलों के पूल ए में दक्षिण कोरिया, मलेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है जबकि जापान, चीन, थाईलैंड, कजाखस्तान और इंडोनेशिया को पूल बी में रखा गया है। भारत 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ अभियान शुरू करने के बाद 29 सितंबर को मलेशिया, एक अक्टूबर को दक्षिण कोरिया और तीन अक्टूबर को हांगकांग से भिड़ेगा। नीदरलैंड के साथ खिलाड़ी के रूप में ओलंपिक और विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुकी शॉपमैन 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम की कोच थीं। पिछले साल जब भारतीय टीम ने शुरुआती एफआईएच नेशंस कप में स्वर्ण पदक जीता था तब भी वह टीम का मार्गदर्शन कर रहीं थी।

शॉपमैन को हालांकि एशियाई खेलों के दबाव का अनुभव नहीं हैं और वह चुनौती का सामना करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, यह एशियाई खेलों में हिस्सा लेने का मेरा भी पहला मौका है। मैं इस बात पर जोर देने की कोशिश करती हूं कि आप या तो हर टूर्नामेंट में यह मानकर उतर सकते हैं कि यह सबसे महत्वपूर्ण है या यह मानते हुए कि यह सिर्फ एक अन्य टूर्नामेंट है। शॉपमैन ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किसी टूर्नामेंट में पहली बार खेल रहे हैं या आखिरी बार - मायने यह रखता है कि आप अभी यहां हैं और आपको मौके का पूरा फायदा उठाना है और उन्हें भुनाना है। एक टीम के तौर पर हम ऐसा करने का ही प्रयास करते हैं।शॉपमैन ने एशियाई खेलों के लिए टीम चयन का बचाव भी किया।

उन्होंने कहा, 18 खिलाड़ियों को चुनते समय हम सिर्फ सबसे अधिक मुकाबले खेलने वाली खिलाड़ियों को नहीं चुन सकते। मैं टीम को देखने की कोशिश करती हूं और यह देखने की कोशिश करती हूं कि प्रत्येक व्यक्ति क्या दे सकता है और वे एक-दूसरे के पूरक कैसे बन सकते हैं।

कोच ने कहा, कुछ जूनियर खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में जबरदस्त सुधार किया है और इसलिए टीम का हिस्सा बन गई हैं।

# 'पेरियार' ई वी रामास्वामी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी गयी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु में रविवार को समाज सुधारक पेरियार' ई वी. रामास्वामी की जयंती मनायी गयी तथा मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन, उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों और उनकी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। पेरियार की जयंती तमिलनाडु में 'सामाजिक न्याय दिवस' के रूप में मनायी जाती है क्योंकि राज्य की प्रगति में उनके द्वारा शुरू किये गये आत्मसम्मान आंदोलन की बड़ी भूमिका रही है। इस आंदोलन के चलते ही पिछड़े एवं वंचित वर्ग के लोग अपने लिए उठ खड़े हुए तथा फिर दमनकारी सामाजिक व्यवस्था काफी हद तक बदली।

तर्कवादी नेता पेरियार का 17 सितंबर, 1879 में जन्म हुआ था तथा 24 दिसंबर, 1973 को उनका देहावसान हो गया।

द्रमुक ने सात मई, 2021 को राज्य की सत्ता में आने के बाद विधानसभा में घोषणा की थी कि पेरियार की जयंती हर साल सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनायी जाएगी।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा,उनका जीवन अपने आप में एक राजनीतिक दर्शन है। वह ऐसे सुधारवादी थे जिन्होंने भाषा, देश और धर्म से परे हटकर मानवता एवं आत्मसम्मान के आधार पर राजनीति पर बल दिया था।



# नई शिक्षा नीति भविष्य की संभावनाओं की नई राहों को सृजन करने वाली : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को डीग जिले के कुम्हेर स्थित महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन एवं कुलपति सचिवालय, का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर, विद्यार्थी गतिविधि केंद्र, महारानी किशोरी कन्या छात्रावास, स्वामी विवेकानंद छात्रावास, स्वामी दयानंद सरस्वती ट्रांजिट हॉस्टल का शिलान्यास कर अकादमी भवन का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति2020 के आलोक में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के एकेडमिक करिकुलम पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि शैक्षणिक गुणवत्ता जरूरी है परन्तु उससे भी जरूरी यह है कि अध्ययन-अध्यापन में युगानुरूप आवश्यकताओं का समावेश हो। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मौलिक शोध की संस्कृति के नए आयाम स्थापित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से जुड़े अकादमिक प्रावधानों को स्वयं शिक्षक समझकर प्रतिबद्ध होकर यदि उन्हें विद्यार्थियों के लिए लागू करने की पहल नहीं करेगा तब तक इस नीति की मूल मंशा को हम चरितार्थ नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से कहा की वे नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अकादमिक विषय-वस्तु इस तरह से निर्धारित करें कि शैक्षिक नवाचारों से आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप भावी नागरिक तैयार कर सकें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर रमेश चन्द्रा ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया।

# राजस्थान के कई जिलों में अति भारी बारिश की चेतावनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मौसम विभाग ने राजस्थान के उदयपुर एवं कोटा संभागों में आगामी 24 घंटे में अति भारी बारिश की चेतावनी 'रेड अलर्ट' जारी की है। राज्य के अनेक इलाकों में लंबे अंतराल के बाद बीते दो दिन से मानसूनी बारिश हो रही है।

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार शनिवार सुबह तक पिछले 24 घंटे में झालावाड़, बांसवाड़ा, झुंझुनू, प्रतापगढ़, कोटा, गंगानगर, बाड़मेर एवं चुरू जिलों में कहीं-कहीं भारी एवं अति भारी बारिश दर्ज हुई। इस दौरान झालावाड़ के डग में 157 मिलीमीटर एवं गंगानगर के मिर्जेवाला में 106 मिलीमीटर बारिश हुई।

शनिवार को दिन में चित्तौड़गढ़, डबोक, चुरू, सिरोही, डूंगरपुर, अलवर, अजमेर एवं जोधपुर में अच्छी -खासी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। कोटा, उदयपुर, जयपुर, अजमेर एवं भरतपुर संभागों के अधिकांश भागों में आगामी दो दिन हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उसने रविवार को बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ जिलों में अति भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है।



# 'आपसी सौहार्द एवं भाईचारा सामाजिक एकता की कड़ी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि आपसी सौहार्द एवं भाईचारा सामाजिक एकता की कडी है जो समाज को मजबूती प्रदान कर देश के विकास में सहायक सिद्ध होता है।

मंत्री जूली रविवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा के वाल्मीकि मोहल्ले में वाल्मीकि भगवान मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से हम प्रेम, सौहार्द व आपसी भाईचारे के साथ जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि रामायण के प्रसिद्ध रचयिता महर्षि वाल्मिकी आदि कवि के रूप में प्रसिद्ध हुए है। उनकी रचना रामायण महाकाव्य हम जीवन के सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता है।

उन्होंने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि ने प्रसिद्ध महाकाव्य रामायण के माध्यम से भगवान राम की सत्य और कर्तव्य परायणता के मार्ग को जन-जन के लिए प्रशस्त किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बडी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# कोटा में छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं को मनोवैज्ञानिक ने पीएचडी शोध का विषय चुना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। कोचिंग के केंद्र कोटा में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं न केवल नेताओं, संस्थानों, पुलिस और अभिभावकों सहित विभिन्न हितधारकों के लिए बहस का विषय बन गई हैं, बल्कि ये एक मनोवैज्ञानिक के पीएचडी शोध का विषय भी हैं। कोटा के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग के प्रमुख दिनेश शर्मा ने इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए कोचिंग लेने वाले 400 से अधिक छात्रों की 'काउंसलिंग' की।

उन्होंने छात्रों में तनाव के स्तर और उन्हें परेशान करने वाले विभिन्न मुद्दों पर अपनी पीएचडी करने का फैसला किया और जयपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय को अपने शोध विषय की जानकारी दी। उन्होंने पिछले महीने अपनी पीएचडी पूरी की और अपना शोध पत्र जिला प्रशासन को भी सौंपा। जिला प्रशासन छात्रों के आत्महत्या करने की घटनाओं से निपटने के प्रयास कर रहा है। कोटा में इस वर्ष अब तक कोचिंग संस्थानों के 23 छात्रों ने आत्महत्या की है, जो अब तक की सबसे अधिक संख्या है। पिछले साल 15 छात्रों ने आत्महत्या की थी।

शर्मा ने कहा, ''जब मैंने कोचिंग संस्थानों के छात्रों की काउंसलिंग की, तो मुझे एहसास हुआ कि इस विषय का गहराई से कभी अध्ययन नहीं किया गया। कई कदम उठाने के प्रयास किए गए हैं, लेकिन वे केवल अस्थायी व्यवस्थाएं हैं जो स्पष्ट रूप से काम नहीं कर रहीं। मैंने इस पर शोध करना शुरू किया और महसूस किया कि कुछ पत्रों को छोड़कर इस विषय पर कोई प्रकाशित सामग्री नहीं है और इसलिए मैंने इस विषय पर पहली पीएचडी करने का फैसला किया।'' मनोवैज्ञानिक ने कहा कि उन्होंने इन दुखद घटनाओं को रोकने के लिए अपने शोधपत्र में तीन महत्वपूर्ण सिफारिश की हैं, जिनमें कोचिंग के शुरुआती महीनों में रैंकिंग प्रणाली नहीं होनी की सिफारिश भी शामिल है। उन्होंने यह भी सिफारिश की कि कोचिंग संस्थानों को पूरे पाठ्यक्रम के लिए नहीं, बल्कि तिमाही आधार पर फीस लेनी चाहिए। शर्मा ने तीसरी सिफारिश की है कि छात्रों को उनके अंकों के अनुसार अलग-अलग बैच में नहीं बांटा जाना चाहिए।

# मिश्र, गहलोत एवं वसुंधरा ने मोदी के जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की है। मिश्र ने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व से विश्व भर में भारत का गौरव बढ़ा है। भारत तेजी से महाशक्ति की ओर अग्रसर होता प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स (पूर्व में ट्वीट) पर कहा ''देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई।

# पांच साल में होगा 13 हजार करोड़ का निवेश : शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



उदयपुर। उदयपुर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पीढ़ीगत काम करने वाले हस्तशिल्पियों, कामगारों की कला और हुनर में भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन की क्षमता है। जरूरत इनके कौशल को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने की है। इसके लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। इस योजना में आगामी पांच साल में तेरह हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके लिए देश की 18 कलाओं को चिन्हित किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर रविवार को यह योजना पूरे देश में लॉन्च की गई। उदयपुर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि प्राचीन काल में भारतीय संस्कृति और सभ्यता में हस्तशिपियों, स्थापत्यकर्मियों, लोहकारों और धातुकर्मियों का अद्भुत योगदान था। पीढ़ी दर पीढ़ी इस तरह की कलाओं से जुड़े हुए लोग अपने कामों में प्रवीणता प्राप्त करते थे।

हमारे शिल्पकर्मियों ने ऐसी नायाब नमूने प्रस्तुत किए, जिस पर पूरा विश्व आज भी चकित दृष्टि से देखता है। काल के प्रवाह में कलाएं खोती गईं, लेकिन अब भारतीय हस्तशिल्प की पहचान पूरे विश्वभर में बनने लगी है। उसकी मांग बढ़ने लगी है। ऐसी परिस्थिति में हम एक बार फिर अपनी हस्तशिल्प कर्मियों के जीवन में उन्नति लाने के लिए हम उनका हाथ पकड़कर उन्हें खड़ा करें तो वे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दें, अपितु भारत की पहचान एक बार फिर से विश्व में पुन: स्थापित करने में मददगार हो सकते हैं। शेखावत ने कहा कि भारत आज वैश्विक परिदृश्य में नई पहचान बना रहा है। इस पहचान को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ने हमें एक मंत्र और दिया, वन डिस्ट्रिक, वन प्रोडक्ट। आज देश के अनेक हिस्सों में इस योजना के तहत उस जिले में लोगों की दक्षता को आगे बढ़ाकर रोजगार के नए कामों का सृजन किया जा रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी कि इस योजना में देश भर की 18 विधाओं को चिन्हित किया है। इसमें 13 हजार करोड़ रुपये का निवेश आगामी पांच वर्षों में किया जाएगा। कारीगरों और शिल्पगारों को केवल पांच प्रतिशत के ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इससे उन्हें कच्चा माल खरीदने और उसके वितरण में सहायता मिलेगी। इस योजना में उन्हें नई तकनीक से जोड़ने के लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें मानदेय दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उसके व्यवसाय को चलाने के लिए टूलकिट खरीदने के लिए पन्द्रह हजार रुपये का संबल दिया जाएगा। इस योजना से उनके पीढ़ीगत काम को सरंक्षण मिलेगा।

शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। सामान्य मानवी के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए कई योजनाएं प्रारंभ की। इसी प्रकार की एक योजना केंद्र सरकार ने कोरोनाकाल में स्ट्रीट वेंडरों के लिए शुरू की थी। स्वनिधि नामक इस योजना से देश के लाखों स्ट्रीटवेंडरों को अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में मदद मिली। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और स्वनिधि योजना में अधिक से अधिक कारीगारों को जोड़ें।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक गौ तस्कर के पैर में गोली लगी

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले में शनिवार सुबह गौ तस्करों की पुलिस से मुठभेड़ हुई जिसमें एक तस्कर के पैर में गोली लगी। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान दो गौ तस्कर खेत में गड्ढे में गिरने से घायल हो गए। पुलिस ने एक कैंटर गाड़ी से चार गोवंश मवेशियों को मुक्त करा गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, चार कारतूस एवं एक खाली कारतूस बरामद की हैं। दौसा की पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि थाना सदर की पुलिस को सूचना मिली कि हरियाणा नंबर की गाड़ी में गौ तस्कर गोवंशीय मवेशी भरकर नांगल बैरसी की तरफ आ रहे हैं। थाना सदर पुलिस एवं जिला विशेष डीएसटी टीम ने जिरोता मोड पर नांगल बैरसी की तरफ आ रहे इस वाहन को रोकने का प्रयास किया, उसी दौरान चालक गाड़ी को पीछे ले जाने लगा तो गाड़ी कीचड़ में फंस गई।

# राष्ट्र उन्नत, गतिशील, और प्रतिष्ठित तभी होता है जब वहां शिक्षा की उत्कृष्ट व्यवस्था हो : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र के मुख्य आतिथ्य में भरतपुर जिले की पंचायत समिति रूपवास के ग्राम खानुआं में आदर्श विद्या मंदिर के नवनिर्मित विद्या भारती विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद खेतान ने की तथा कार्यक्रम पूर्व अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर भरतराम कुम्हार, समाजसेवी एवं एआईए की अध्यक्ष डॉ. उर्मिलेश आर्य, डॉ. यशपाल आर्य, महेन्द्र सिंह मग्गो एवं शिव प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि समाज में शिक्षा जितनी जरूरी है, उतना ही संस्कारों के निर्माण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई राष्ट्र अपनी संस्कृति और जीवन मूल्यों को बचाए रखने के साथ नई पीढ़ी को इनके लिए तैयार करने का कार्य करता है तभी उसकी सार्थकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य की ज्ञान संपदा में वृद्धि के साथ सभी जीवों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करना है।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि सूक्ष्म निरीक्षण, अनुभव



विस्तार और निरंतर अध्ययन किसी भी विद्यार्थी को सफलताओ के शीर्ष पर पहुंचा सकता है। इस दिशा में विद्या भारतीय संस्थान ने जो कार्य देश-विदेश में किया है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमें आज इस तरह की ही शिक्षा पद्धति की अधिक आवश्यकता है जो व्यक्ति को शिक्षित बनाने के साथ दीक्षित भी करे। उन्होंने नई शिक्षा नीति को 'आत्म निर्भर' भारत के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसे देश के नागरिकों को उन्नत तथा युगानुकूल बनाने में उपयोगी बताया। उन्होंने पंचपदी शिक्षा पद्दति है की चर्चा करते हुए कहा कि यह भारतीय संस्कारों से ओतप्रोत है। इसमें रटने के बजाय विद्यार्थी के मन मस्तिष्क को पुष्ट करने पर जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि भरतपुर जिले में राणा सांगा की युद्ध स्थली खानुआ में इस तरह का शिक्षण संस्थान खुला है।

## संबोधन



श्रीमाधोपुर में रविवार को पहुंची भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में जनता और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़।



# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पाली। राजस्थान के पाली की कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एटीएम कार्ड बदलकर ठगी में लिप्त हरियाणा के गिरोह का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई में पुलिस ने शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस इन दिनों एक के बाद एक खुलासे करने में जुटी है। हाल ही के ज्वेलर के साथ हुई करीब एक करोड़ की लूट के खुलासे के बाद अब कोतवाली पुलिस ने हरियाणा के शातिर बदमाशों को दबोचा है।

कोतवाल अनिल विश्नोई के अनुसार पूछताछ के दौरान गिरोह के सदस्यों ने पाली, पोकरण रामदेवरा जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, सिरोही आबू रोड़, मण्डार, गुजरात में दर्जनभर वारदाते करना स्वीकार किया है। 13 सितंबर को एसबीआई कलेक्ट्रेट ब्रांच के एटीएम फरीद खान निवासी खारडा पाली के साथ एटीएम बदलकर 50 हजार रुपये निकालकर ठगी की वारदात हुई थी। इस ठगी की वारदात के खुलासे के लिए एस पी गगननदीप सिंगला ने एएसपी अकलेश शर्मा, डी वाई एस पी सिटी जितेन्द्र सिंह राठौड के मार्गदर्शन में कोतवाल अनिल विश्नोई के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया था।

इस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चैक कर ठगी की वारदात में लिप्त आरोपियों के हुलिए और वारदात के दौरान घटना में प्रयुक्त लाल कलर की ब्रेजा कार की पहचान की। इसके बाद कोतवाली थाने की टीम इन आरोपियों को तक पहुंची।

# वैश्य महापंचायत में चुनावों में 20 फीसदी टिकट की मांग की गई

जयपुर। जयपुर में वैश्य समाज की महापंचायत में आर्थिक आधार पर दिए गए आरक्षण को बढ़ाने, समाज को विधानसभा और लोकसभा चुनावों में 20 प्रतिशत टिकट देने, व्यापारी कल्याण आयोग के गठन और व्यापारियों को पेंशन देने की मांग की गई। महापंचायत में समारोह के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल ने कहा, हमें संख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व नहीं मिलता और हमारी सभी दलों से मांग है कि चुनाव में समाज को संख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व दिया जाये। राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक काली चरण सराफ ने कहा, आज राजस्थान विधानसभा में समाज के सिर्फ 14 विधायक हैं। हम यह चाहेंगे कि वैश्य समाज की सुरक्षा के लिये लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कम से कम 20 प्रतिशत टिकट वैश्य समाज को मिलने चाहिए।

चिकित्सा राज्य मंत्री सुभाष गर्ग ने वैश्य कल्याण आयोग की स्थापना का समर्थन करते हुए कहा कि इससे व्यापारी वर्ग को संबल मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर इस तरह के कल्याण आयोग बनेंगे तो निश्चित रूप से इसका वैधानिक स्वरूप होगा। वहीं सराफ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की कि आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर दिये गये 10 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाना चाहिए।




# मोदी के सत्ता में आने के बाद विकसित देशों का भारत के प्रति नजरिया बदला : रीजीजू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ईटानगर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वैश्विक स्तर पर एक महान नेता करार देते हुए कहा कि 2014 में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद विकसित देशों का भारत के प्रति नजरिया काफी बदल गया है।

वह, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत के अवसर पर यहां एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिसमें पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। पृथ्वी विज्ञान मंत्री रीजीजू ने दावा किया, पहले, भारत के नेताओं को उनकी विदेश यात्राओं के दौरान महत्व नहीं दिया जाता था। 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद यह नजरिया बदल गया और हर विदेशी नेता न केवल भारतीय मंत्रियों को सम्मान दे रहा है बल्कि उनके साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की इच्छा भी व्यक्त कर रहा है।

रीजीजू ने मोदी को उनके 73वें जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की कार्यशैली अलग है और वह काफी ऊर्जावान हैं। मंत्री ने कहा, मैंने 2014 से प्रधानमंत्री के साथ काम किया है और मैं हमेशा कुछ घंटों की नींद के बाद पूरे दिन काम करने की उनकी ऊर्जा से प्रेरित हुआ हूं। मोदी एक दिन में कई बैठकों को संबोधित कर सकते हैं, जो एक सामान्य व्यक्ति के लिए मुश्किल है। मोदी द्वारा शुरू की गई विश्वकर्मा योजना पर रीजीजू ने कहा कि आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल में इस योजना के लिए 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो 2023-24 से 2027-28 तक पांच वित्तीय वर्षों के लिए पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए उपलब्ध होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कारीगर 'बायोमेट्रिक्स' का उपयोग करके प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। समय बीतने के साथ अरुणाचल प्रदेश में पारंपरिक कारीगरों का महत्व कम हो गया, लेकिन अब वे योजना के माध्यम से अपने कौशल को नई पहचान दे सकते हैं।

# उप्र सरकार अपराधियों को हिंदू, मुसलमान के रूप में नहीं देखती : केशव प्रसाद मौर्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों को हिंदू-मुसलमान के रूप में नहीं देखती, बल्कि बिना भेदभाव के कानून सम्मत तरीके से उनके खिलाफ कार्रवाई करती है। मौर्य ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस जैसे मुद्दाविहीन विरोधी दल ऐसा दुष्प्रचार कर रहे हैं कि सिर्फ मुसलमानों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, ताकि उन्हें चुनाव में फायदा मिल सके।

उपमुख्यमंत्री ने 'पीटीआई वीडियो' को दिए विशेष साक्षात्कार में उत्तर प्रदेश में प्रचलित 'बुलडोजर शब्दावली' को मीडिया प्रचारित बताया। उन्होंने विपक्ष पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में विधिक प्रक्रिया पर अमल किए बिना किसी का घर ढहाए जाने का कोई उदाहरण नहीं है।

मौर्य ने कहा, उत्तर प्रदेश में गरीबों, कमजोरों, व्यापारियों और उद्योगपतियों की जमीन पर कब्जे की शिकायत मिलने पर उसकी जांच की जाती है और दोषियों के खिलाफ उचित विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए ठोस कार्रवाई की जाती है, फिर चाहे वे हिंदू हों या मुसलमान। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो, परिवारवाद भारत छोड़ो का आह्वान किया है। उनके आह्वान पर देश जिस तरह से एकजुट हो जाता है, उसे देखते हुए मुझे यकीन है कि



तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले दलों को 2024 के लोकसभा चुनावों में उचित जवाब मिल जाएगा। यह पूछे जाने पर कि देश में न्यायपालिका के होते हुए बुलडोजर से न्याय करना ठीक है? मौर्य ने कहा, बुलडोजर शब्द को मीडिया ने प्रचारित किया है। सामान्य स्थिति में जब अवैध कब्जे की शिकायत आती है, तो विधिक प्रक्रिया के तहत जांच कर नोटिस दिया जाता है। किसी को नोटिस दिए बगैर उसका घर गिराया गया है, तो बताएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा की सरकारों में भी अवैध कब्जे हटाए जाते थे, लेकिन तब कब्जे ज्यादा होते थे और उन्हें हटाया कम जाता था। उपमुख्यमंत्री ने कहा, ऐसा नहीं है कि सरकार अंतिम प्राधिकार है। अगर हमने किसी निर्माण को ढहाया है और कोई कहता है कि निर्माण वैध था, तो वह अदालत का रुख कर सकता है। सरकार अदालत में अपना पक्ष रखने के लिए तैयार है।

यह पूछे जाने पर कि भाजपा मुसलमानों को अपने साथ लाने की कोशिश करती है, लेकिन उन्हें टिकट नहीं देती? मौर्य ने कहा, हम मुसलमानों को साथ लाना चाहते हैं और ऐसा कर भी रहे हैं। जो मुसलमान चुनाव जीतने की स्थिति में हैं, हम उन्हें टिकट भी दे रहे हैं। हमने कई मुसलमानों को स्थानीय निकाय का चुनाव लड़वाया। नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव, पंचायत चुनाव, नगर निगम पार्षद चुनाव में भी उन्हें मैदान में उतारा। हम सबका साथ, सबका विकास, सबको सम्मान, सबको स्थान देने का लगातार प्रयास करते हैं। इसलिए विपक्ष में खलबली मची हुई है। मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पसमांदा मुसलमानों के कल्याण की बात की, जिनकी आबादी सबसे ज्यादा है, लेकिन विपक्ष ने उन्हें केवल भाजपा के खिलाफ भड़काने का काम किया और उनकी गरीबी दूर करने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने चार करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास दिए हैं और सभी मोदी जी की जय-जयकार कर रहे हैं, लेकिन विपक्षी नेताओं से यह जय-जयकार नहीं सुनी जा रही है।

# सनातन धर्म बनाम 'इंडिया' गठबंधन के मुद्दे पर लोकसभा चुनाव लड़ा गया तो विपक्षी गठजोड़ जिम्मेदार: विहिप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर (मध्य प्रदेश)/भाषा।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने रविवार को कहा कि अगर अगला लोकसभा चुनाव सनातन धर्म बनाम 'इंडिया' गठबंधन के मुद्दे पर लड़ा गया, तो इसकी जिम्मेदारी विपक्षी गठजोड़ की होगी। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन में शामिल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर नाराजगी जताते हुए यह बात कही।

इस बयान को लेकर, सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा विपक्षी गठबंधन के खिलाफ जारी हमलों के मद्देनजर 2024 का लोकसभा चुनाव सनातन धर्म बनाम 'इंडिया' गठबंधन के मुद्दे पर लड़े जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने यहां 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''अगर ऐसा हुआ, तो इसकी जिम्मेदारी 'इंडिया' गठबंधन की होगी। उन्होंने कहा कि अगर चुनावों में धर्म और हिंदुत्व को मुद्दा बनाया गया, तो इसकी जिम्मेदारी उन लोगों की होगी, जो भगवान राम और रामचरित मानस के खिलाफ बयान दे रहे हैं। विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि इन लोगों को इसका परिणाम भी भुगतना पड़ेगा।

कुमार ने दावा किया कि जब उदयनिधि स्टालिन सनातन धर्म के बारे में आपत्तिजनक बयान दे रहे थे, तब उनकी मां एक मंदिर में पूजा कर रही थीं। उन्होंने कहा, ''सनातन धर्म की जड़ें गहरी हैं। जो भी व्यक्ति इस धर्म को चुनौती देगा, वह इतिहास के कूड़ेदान में होगा।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत को सिंगापुर की ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को सिंगापुर की ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप मिली है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में रविवार को यह जानकारी दी गई।

विज्ञप्ति के मुताबिक, फेलोशिप के तहत हिमंत विश्व शर्मा को सार्वजनिक कार्यों और विकास क्षेत्र में उनके 'समर्पित नेतृत्व' के लिए ली कुआन यू फ़ेलो के रूप में सिंगापुर आने का निमंत्रण दिया गया है। यह फेलोशिप व्यक्तियों को उनके राष्ट्र के विकास और सिंगापुर के साथ द्विपक्षीय संबंधों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान की जाती है।

फेलोशिप सिंगापुर के संस्थापक प्रधानमंत्री ली कुआन यू को राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि के रूप में शुरू की गई थी। असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हिमंत शर्मा को विकास और अंतरराष्ट्रीय सद्भाव के मुद्दे को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह फेलोशिप पाने वाले शर्मा असम के पहले मुख्यमंत्री हैं।



# हिमंत विश्व शर्मा ने असम में एक करोड़ पौधे लगाने का अभियान किया शुरू

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को राज्य में एक करोड़ पौधे लगाने का अभियान शुरू किया जिससे एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित होने की उम्मीद है। शर्मा ने इस मौके पर कहा कि सरकार अगले वर्ष आठ करोड़ और 2025 में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखेगी। उन्होंने कहा कि 'अमृत वृक्ष आंदोलन' से पेड़ों की संख्या बढ़ने के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इस अभियान के दौरान अधिकतर व्यावसायिक पेड़ लगाए जाएंगे। शर्मा ने रविवार सुबह राज्य के सचिवालय से अभियान की शुरुआत करते हुए कहा, आज, हम राज्य में एक करोड़ पौधे लगाएंगे और हम इस संबंध में एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले साल राज्य सरकार गैर-वन क्षेत्रों में तीन करोड़ पौधे और वन क्षेत्रों में पांच करोड़ पौधे लगाने का प्रयास करेगी जबकि 2025 में गैर-वन और वन क्षेत्रों में पांच-पांच करोड़ पौधे लगाने का प्रयास किया जाएगा।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई शरत भारत में अखंड बंगाल चाहते थे: सुगत बोस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** बंगाल दिवस को लेकर भाजपा और टीएमसी की अलग-अलग मांग से उत्पन्न विवाद के बीच पूर्व सांसद और इतिहासकार सुगत बोस ने कहा है कि उनके दादा और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई शरत बोस ने 'अखंड भारत में अखंड बंगाल' की मांग उठायी थी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहती है कि 20 जून को बंगाल दिवस के रूप में मनाया जाए, लेकिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भारी बहुमत वाली वर्तमान विधानसभा ने इस माह के प्रारंभ में एक प्रस्ताव पारित कर बंगाली कैलेंडर के पहले दिन 'पोइला बैशाख' को राज्य दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया था। टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस विभाजन को 'पीड़ाजनक और दर्दनाक प्रक्रिया' बताया था। दरअसल आज जो पश्चिम बंगाल है, उसके विधायकों ने 1947 में 20 जून को ही बंगाल विभाजन के पक्ष में वोट डाला था।



सुगत बोस ने एक साक्षात्कार में स्पष्ट किया, (पश्चिम बंगाल के) विधायकों, जिनमें अधिकतर कांग्रेस से थे, ने विभाजन के पक्ष में मतदान किया था क्योंकि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें विभाजन के पक्ष में मतदान करने का आदेश दिया था। यह वाकई कांग्रेस का फैसला था। हिंदू महासभा के पास केवल एक विधायक था। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने दावा किया है कि महासभा के नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रयासों के चलते ही बंगाल का विभाजन हुआ।

# निषाद पार्टी ने की श्रृंगवेरपुर धाम से अवैध मस्जिद हटाने की मांग



**लखनऊ/भाषा।** भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) ने प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में निषादराज किले के परिसर के अंदर बनी एक 'अवैध मस्जिद' को हटाने की मांग की है।

पार्टी का कहना है कि वह मस्जिद से 'हरा झंडा' हटवाएगी और अयोध्या की तरह वहां केसरिया झंडा फहराएगी। श्रृंगवेरपुर धाम को निषादों द्वारा निषादराज का निवास स्थान माना जाता है, जिन्होंने 14 साल के वनवास के दौरान भगवान राम को गंगा पार करने में मदद की थी। पार्टी ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह मुद्दा उठाया है। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने बातचीत में कहा मैंने इस मामले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया है और इस पर व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करूंगा।

# 'पीएम विश्वकर्मा' योजना एक चुनावी जुमला: कांग्रेस



**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को चुनावी जुमला करार देते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावों को देखते हुए ऐसे कदम उठा रहे हैं, लेकिन जातिगत जनगणना पर कुछ नहीं बोल रहे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जनता दोबारा बेवकूफ नहीं बनेगी और प्रधानमंत्री की रिटायरमेंट का समय आ गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरुआत की। इससे पहले उन्होंने इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया और दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर 21 से सेक्टर 25 तक के विस्तार का भी उद्घाटन किया।

'पीएम विश्वकर्मा' योजना का उद्देश्य न केवल देशभर के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से समर्थन देना है, बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति तथा विविध विरासत को जीवित और समृद्ध रखना भी है। 'पीएम विश्वकर्मा योजना' में 18 पारंपरिक शिल्प-कलाओं को शामिल किया गया है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नोटबंदी, ग़लत जीएसटी और उसके बाद कोविड-19 के दौरान अचानक लगाया गया लॉकडाउन भारत में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए सबसे ज़्यादा विनाशकारी रहा है। इनमें से अधिकांश छोटे व्यवसाय उन लोगों द्वारा चलाए जाते हैं जो अपने हाथों से काम करते हैं।

# विपक्षों दलों का गठबंधन अब तक नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं कर पाया है: चिराग पासवान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज(उत्तर प्रदेश)/भाषा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद चिराग पासवान ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जनता दल-यूनाटिड (जदयू) के गठजोड़ को विरोधाभासी बताते हुए रविवार को यहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सभी गठबंधनों को 'धोखा' देने का आरोप लगाया।

पासवान ने कहा कि यही वजह है कि विपक्ष दलों का गठबंधन 'इंडिया' अब तक नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं कर पाया है।

पासवान, कौशांबी में संदीपन घाट पर हाल में एक दलित परिवार के तीन लोगों की हत्या की घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलने के लिए जा रहे थे। उन्होंने यहां प्रयागराज हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, बिहार में (राजद प्रमुख) लालू प्रसाद यादव के शासन में जंगलराज शब्द नीतीश कुमार द्वारा दिया हुआ है। ये दोनों नेता एक दूसरे के विरोध की



राजनीति करते रहे हैं। आज केवल सत्ता के लालच में ये दोनों एक दूसरे के साथ आए हैं।

पासवान ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजग, महागठबंधन सभी को धोखा दिया। यही वजह है कि विपक्षी दलों का तथाकथित गठबंधन 'इंडिया' भी इन पर (नीतीश कुमार) विश्वास नहीं करता। इसलिए अभी तक इन्हें संयोजक तक की जिम्मेदारी नहीं दी गई है, जबकि नीतीश जी प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के साथ इस गठबंधन में आए थे। उन्होंने दावा किया, यदि नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षा पूरी नहीं होती तो वह निश्चित तौर पर इस गठबंधन से भी अलग होंगे। नीतीश कुमार जिस आक्रामक ढंग से इस गठबंधन को एकसूत्र में बांधने का प्रयास कर रहे थे, वह सक्रियता अब नहीं दिखती।

# बरेली में मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने के आरोप में मां-बेटी और मौलवी गिरफ्तार

**बरेली (उप्र)/भाषा।** बरेली जिले के भुता थाना क्षेत्र के एक गांव में मंदिर परिसर में नमाज अदा करने के आरोप में मां-बेटी और एक मौलवी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। फरीदपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) गौरव सिंह ने बताया कि भुता थाना क्षेत्र के केसरपुर के प्रेम सिंह (ग्राम प्रधान पति) ने शुक्रवार शाम पुलिस से की गई शिकायत में कहा था कि उसके गांव में प्राचीन शिव मंदिर में उसके गांव की रहने वाली सबीना (19) और उसकी मां नजीरा (38) ने नमाज अदा की थी।

उसने कहा था कि इस तरह की हरकतों से गांव का माहौल खराब हो रहा है। शिकायत के मुताबिक, मां-बेटी से जब मंदिर में नमाज पढ़ने की वजह पूछी गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें सैद्धपुर मजार वाले मौलवी चमनशाह मियां ने नमाज पढ़ने को कहा था।

# कोच राणा के साथ होने पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाती हूं : मनु भाकर



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत की अनुभवी पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को संकेत दिया कि बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अपने निजी कोच जसपाल राणा को साथ ले जाने की अनुमति नहीं मिलने से उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा है । उन्होंने एनआरएआई से मामला सुलझाने का अनुरोध किया । महान पिस्टल निशानेबाज राणा दो साल पहले टोक्यो ओलंपिक से पहले विवाद के बाद भाकर से अलग हो गए थे । अब वह फिर उनके साथ काम कर रहे हैं और पेरिस ओलंपिक का कोटा तथा हांगझोउ एशियाई खेलों में पदक जीतने के लक्ष्य को हासिल करने में उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं । भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की नीति है कि अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में निजी कोच साथ नहीं जाते ।

# आज मेरे नसीब में छह विकेट लेना लिखा था: सिराज



**कोलंबो/भाषा।** श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज ने अपने इस स्वप्निल प्रदर्शन का श्रेय भाग्य को भी दिया।

श्रीलंका को 50 रन पर ढेर करने में अहम भूमिका निभाने वाले सिराज ने कहा,जितना नसीब में होता है वही मिलता है। आज मेरा नसीब था। उन्होंने विशेषकर श्रीलंका के भारत दौरे के दौरान तिरुवनंतपुरम में खेले गए तीसरे वनडे मैच के संदर्भ में यह बात कही जब उन्होंने शुरू में चार विकेट हासिल कर लिए थे लेकिन वह पांचवा विकेट नहीं ले पाए थे। श्रीलंका की टीम तब 391 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 73 रन पर आउट हो गई थी। सिराज ने कहा,पिछली बार श्रीलंका के खिलाफ त्रिवेंद्रम में भी मैंने ऐसा प्रदर्शन किया था। मैंने शुरू में ही चार विकेट हासिल कर लिए थे लेकिन पांचवा विकेट नहीं ले पाया था। आज मैंने कुछ खास प्रयास नहीं किए। मैं क्रिकेट में हमेशा गेंद को स्विंग कराने पर ध्यान देता हूं लेकिन पिछले मैचों में मुझे बहुत अधिक स्विंग नहीं मिली। सिराज ने कहा,लेकिन आज गेंद स्विंग कर रही थी और मैंने आउटस्विंगर से अधिक विकेट लिए।




# इस तरह का प्रदर्शन लंबे समय तक याद रहेगा : रोहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलंबो/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ टीम के शानदार प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास लंबे समय तक याद रखे जाएंगे ।

मोहम्मद सिराज ने सात ओवर में 21 रन देकर छह विकेट लिए जिसकी मदद से भारत ने श्रीलंका को 50 रन पर आउट कर दिया । जवाब में यह लक्ष्य 6 . 1 ओवर में एक भी विकेट गंवाए बिना हासिल कर लिया ।

रोहित ने मैच के बाद कहा,यह शानदार प्रदर्शन था । फाइनल में इस तरह खेलना शानदार था । इससे टीम की मानसिकता पता चलती है । इस तरह का प्रदर्शन लंबे समय तक याद रखा जाएगा । उन्होंने कहा,हमारे तेज गेंदबाज काफी समय से मेहनत कर रहे हैं । उन्हें इस तरह का प्रदर्शन करते देखना सुखद था । मैने कभी सोचा नहीं था कि गेंद इतनी घूमेगी । उन्होंने कहा,हालात के अलावा यह खिलाड़ियों के हुनर की भी बात है । यह काफी दुर्लभ है । सिराज के जैसा प्रदर्शन बार बार देखने को नहीं मिलता । सभी खिलाड़ियों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया ।

विश्व कप से पहले भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला और दो अभ्यास मैच खेलने हैं । रोहित ने कहा कि टीम सही दिशा में जा रही है । उन्होंने कहा,यह देखकर अच्छा लग रहा है कि टीम इस तरह के आत्मविश्वास के साथ सही दिशा में जा रही है । पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में चार विकेट गिरने के बाद हार्दिक और ईशान ने हमें बड़े स्कोर तक पहुंचाया । इसके बाद दूसरे मैच में विराट और केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की ।

उन्होंने कहा,गिल भी बेहतरीन फॉर्म में है। उसे बल्लेबाजी करना पसंद है। अलग अलग समय पर अलग अलग खिलाड़ियों ने टीम को संकट से निकाला ।

# रोहन बोपन्ना ने जीत के साथ डेविस कप को अलविदा कहा, भारत ने मोरक्को को 3-1 से दी शिकस्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** रोहन बोपन्ना ने युकी भांबरी के साथ पुरुष युगल में सीधे सेटों में आसान जीत दर्ज करके डेविस कप में अपने करियर का शानदार अंत किया जबकि सुमित नागल ने अपना उलट एकल मैच भी जीता जिससे भारत ने रविवार को यहां मोरक्को को विश्व ग्रुप दो के मुकाबले में 3-1 से शिकस्त दी। डेविस कप में अपना 33वां और अंतिम मुकाबला खेल रहे 43 वर्षीय बोपन्ना और भांबरी ने मोरक्को के इलियट बेनचेट्रिट और यूनुस लालामी लारौसी को एक घंटे 11 मिनट तक चले मैच में 6-2, 6-1 से पराजित किया।

नागल ने पहले उलट एकल में यासीन दलीमी को 6-3, 6-3 से हराया। दूसरे उलट एकल मैच में दिग्विजय प्रताप सिंह उतरेंगे जो कि औपचारिकता मात्र रह गया है।



दिग्विजय का डेविस कप में यह पहला मैच होगा। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि नागल ने डेविस कप के किसी मुकाबले में अपने दोनों एकल मैच जीते। इससे पहले उन्होंने 2019 में कजाखस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह कारनामा किया था। नागल ने दोनों सेट में शुरू में ब्रेक प्वाइंट हासिल किए और फिर दलीमी को वापसी का मौका नहीं दिया। इस जीत से भारत अगले साल होने वाले विश्व ग्रुप एक के प्लेऑफ में पहुंच गया है। बोपन्ना काफी भावुक थे और उन्होंने कोर्ट पर ही भारतीय टीम की अपनी शर्ट उतार दी जिससे उनके डेविस कप करियर का भी अंत हो गया। उन्होंने अपने करियर में 33 मैच खेले जिनमें से 23 मैचों में जीत दर्ज की। इनमें 13 युगल मैच भी शामिल हैं।

## सुविचार

**गिरने पर भी हर बार उठ जाना और, दुबारा कोशिश करना ही असली जीत है।**

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'सही जगह' पर चोट

आर्थिक रूप से तबाही के कगार पर खड़े पड़ोसी देश पाकिस्तान ने अपने अतीत से कोई सबक नहीं लिया। उसकी आतंकी हरकतों में लगातार बढ़ोतरी के मद्देनज़र भारत की ओर से कठोर कार्रवाई को अंजाम दिया जाना बहुत जरूरी हो गया है। उसने जम्मू-कश्मीर के कोकेरनाग वन क्षेत्र में जो कायराना हमला किया है, उसे भारत क्षमा नहीं करेगा। हमें अपने उन वीर सैनिकों पर गर्व है, जिन्होंने देशवासियों की रक्षा के लिए अपनी जान की बाज़ी लगा दी और भारत मां की गोद में चिरनिद्रा में सो गए। हम अपने इन भाइयों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे। आज भारत जिस तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है, अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों में कीर्तिमान रच रहा है, जी20 के शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन कर वैश्विक शक्तियों के बीच अपनी साख और धाक जमा चुका है, इस्लामी देशों को अपने पक्ष में कर चुका है, उससे चीन और पाकिस्तान के सीने पर सांप लोट रहे हैं। चीन नहीं चाहता कि दुनिया में भारत का रुतबा बढ़े, इसलिए वह पाकिस्तान की ओर चंद टुकड़े फेंक कर उसे उकसा रहा है। पाक अपने आतंकवादियों का ब्रेन वॉश कर देता है, इसलिए वे मुफ्त में मरने के लिए एलओसी पर आ जाते हैं। हाल में भारतीय सुरक्षा बलों ने जिन आतंकवादियों को ढेर कर उनके कब्जे से सामग्री और हथियार बरामद किए, उससे साफ पता चलता है कि उन्हें चीन पूरा सहयोग दे रहा है। भारतीय सुरक्षा बलों ने बारामूला जिले में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश करते तीन आतंकवादियों को धराशायी कर बहुत बहादुरी का काम किया है, जिसके लिए उनकी तारीफ की जानी चाहिए। अगर आतंकवादी दुर्गम इलाकों और भौगोलिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर इस ओर आ जाते तो बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश करते।

कोकेरनाग मुठभेड़ के बाद यूट्यूब चैनलों पर भारत की ओर से कुछ लोग रक्षा मामलों के 'विशेषज्ञ' बन गए हैं! ये पाकिस्तान के कथित पत्रकारों के यूट्यूब चैनलों पर भी जा रहे हैं और उक्त घटना का जिक्र कर सर्जिकल स्ट्राइक या एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाई की संभावना की बात कर रहे हैं। यह कितना ग़ैर-ज़िम्मेदाराना रवैया है! क्या वे नहीं जानते कि इन चैनलों पर पाकिस्तान की आईएसआई और उसकी सैन्य खुफिया एजेंसियां नजर रखती हैं? क्या वे इस तरह अपने शत्रु को यह संकेत नहीं दे रहे कि भारत का अगला कदम क्या हो सकता है? निस्संदेह ये लोग भी देशप्रेमी हैं, लेकिन उन्हें ऐसे समय में राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित कोई भी बात कहते हुए बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। बेहतर तो यह होगा कि पाकिस्तानी यूट्यूबर्स के किसी चैनल पर न जाएं। वहीं, भारत में चैनलों पर परस्पर चर्चा करें तो सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक या अन्य किसी संभावित कार्रवाई के जिक्र से परहेज करें और न ही सुरक्षा बलों से ऐसी कार्रवाइयों की मांग करें। भारतीय सुरक्षा बलों को जब उचित लगेगा, आतंकवादियों और उनके आकाओं पर प्रहार किया जाएगा, लेकिन नागरिकों से भी यह अपेक्षा की जाती है कि वे सूझबूझ से काम लें, भावुकता में इतने न बह जाएं कि आपको देखकर शत्रु को अगले कदम का एहसास हो जाए। जब बारामूला में मुठभेड़ हो रही थी तो पाकिस्तानी फौज ने आतंकवादियों का सहयोग करने के लिए गोलीबारी की थी। यह इस बात का प्रमाण है कि पड़ोसी देश की फौज एक ओर तो एलओसी पर युद्ध-विराम समझौते का दिखावा करती है, दूसरी ओर आतंकवादियों की घुसपैठ कराने के लिए खुद ही उसका उल्लंघन करती है। तो भारत ही इस समझौते का पालन क्यों करे? उसे भी चाहिए कि वह एलओसी पर भरपूर अंगारे बरसाए। वास्तव में भारतीय सुरक्षा बलों के हाथों आतंकवादियों का खात्मा बड़ी सफलता तो है, लेकिन इससे पाक फौज को खास असर नहीं पड़ रहा। पाकिस्तान के लिए आतंकवादियों की भर्ती, उनका प्रशिक्षण आदि तुलनात्मक रूप से सस्ता पड़ता है। उनके मारे जाने के बाद किसी तरह की पेंशन आदि नहीं देनी पड़ती। जब पाकिस्तान के फौजी ढेर होंगे, तब उसे महसूस होगा कि आतंकवाद फैलाना कितना महंगा पड़ता है। इसलिए 'सही जगह' पर चोट बहुत जरूरी है।

## ट्वीटर टॉक



पहले गांव- गरीब के घर नल एक सपने जैसा था। अब मात्र 4 साल में ग्रामीण भारत में नल कनेक्शन की संख्या 3 से 13 करोड़ हो गई है। मोदी महासंकल्प का नाम है 'जल जीवन मिशन'! आज 'नल से जल' से जिन करोड़ों जिंदगियों में हरियाली आई है, वो सब कह रहीं।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



पूरी दुनिया के आदर्श, राष्ट्र सेवा में सदैव समर्पित, देश के यशस्वी और कर्मठ प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर संसदीय क्षेत्र राजसमंद में विभिन्न स्थानों पर सम्मानीय कार्यकर्ता बंधुओं, सामाजिक संगठनों व आमजन द्वारा हवन-पूजन किया गया।

**-दिया कुमारी**



जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए मातृभूमि की सुरक्षा में शहीद हुए राजगढ़ के वीर सपूत योगेश कुमार जाट जी के अदम्य साहस, शौर्य और वीरता को नमन करता हूं। इस कठिन घड़ी में शहीद परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

**-राजेन्द्र राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# समर्पण की दक्षिणा

यूं तो समर्थ गुरु रामदास की अपने समय में पूरे देश में अपार ख्याति थी, लेकिन छत्रपति शिवाजी की अगाध श्रद्धा के चलते मराठा दरबार में उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। एक दिन गुरु रामदास के शिष्यों के साथ सतारा पहुंचने की खबर शिवाजी को मिली तो वे दौड़े चले आए। शिवाजी ने उनसे महल में आने का विनम्र आग्रह किया तो रामदास ने कहा कि मैं राजसी मेहमान नहीं हूं, मैं तो भिक्षा लेने निकला हूं। थोड़ी देर महल में जाने के बाद शिवाजी बाहर निकले तो उनके हाथ में एक कागज का टुकड़ा था, जो उन्होंने गुरु जी के कमंडल में डाल दिया। यह देखकर गुरु रामदास और उनके शिष्य हैरत में पड़ गये। कागज में लिखा था कि मैं अपना संपूर्ण राज्य गुरु रामदास के नाम करता हूं। चौंकते हुए गुरु रामदास ने कहा- शिवा ये तूने क्या कर दिया? शिवाजी बिना जवाब दिये गुरु जी का भिक्षा-पात्र लेकर घर-घर भिक्षा लेने गये। भिक्षा में जो भी कुछ मिला, उससे भोजन बनाकर गुरु जी और उनके शिष्यों को खिलाया। शिवाजी की आस्था देखकर गुरु रामदास भावविह्वल हो गये। उन्होंने शिवाजी को आशीर्वाद दिया और कहा मैं तो साधु हूं, ये ले अपना राज संभाल और जनता की सेवा कर। ईश्वर तेरी मनोकामना पूर्ण करेंगे।

## सामयिक

# नये भारत के निर्माता हैं कर्मयोद्धा नरेन्द्र मोदी

**ललित गर्ग**

मोबाइल : 9811051133

एक महान कर्मयोद्धा के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, सामरिक और आर्थिक सशक्तता की छाप छोड़ते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने को तत्पर है, यह इतिहास के निर्माण का भाव है। निश्चित ही उनकी दृष्टि एवं दिशा भारत के नवशिल्प का आधार है। उन्होंने अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम वर्ष 2014 में शुरू की। वे राजनीति में शुचिता के प्रतीक, अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक, कुशल राजनेता, प्रभावी प्रशासक, विलक्षण व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके 73वें जन्म दिवस पर सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, जिनमें नये भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के अमृतमय स्वर गूंज रहे हैं। हमने हाल ही में उनके नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में हुई जी-20 के समिट में विश्व मंच पर भारत की अमिट छाप छोड़ी है। उनका करिश्माई व्यक्तित्व एवं कृतित्व ही है कि नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर आम सहमति बनी। वैश्विक विश्वास की कमी को पाटने तथा दुनिया में भरोसा विकसित करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उनके जीवन का प्रत्येक पल नये आयाम एवं नयी दिशाएं उद्घाटित करता रहा है, हमने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मन्दिर के शिलान्यास का दृश्य देखा तो भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनने की ओर अग्रसर होते हुए देख रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गए। इस दौरान उनके अनेकों यशस्वी कीर्तिमानों एवं उपलब्धियों में जो दो विशेष उपलब्धियां भारत के हर नागरिक के मन को अधिक छूती हैं, उनमें पहली है दुनिया में भारत का 'इकबाल' स्थापित होना। दूसरी-देश के भीतर भारत भी कर सकता है' भावना का संचार होना। अर्थात सब चलता है' वाला दृष्टिकोण अब भूतकाल के गर्त में है।

नरेन्द्र मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां एवं उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां मोदी जैसे महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर उसे महान बनाते हैं। उम्र के जिस मोड़ पर व्यक्ति पूर्ण विश्राम की बात सोचता है, उस स्थिति में मोदी जैसे राष्ट्रनायक नव-निर्माण, नव-सृजन करने एवं दूसरों को प्रेरणा देने में अहर्निश लगे हैं। विरोध को समभाव से सहकर वे जिस प्रकार उसे विनोद के रूप में बदलते रहते हैं। निश्चित ही एक प्रेरक पृष्ठ है नरेन्द्र मोदी।

नरेन्द्र मोदी के प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हमने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए कभी हम मोदी के मुख से स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्हें देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी मेक इन इंडिया का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों सपनों को आकार देकर सचमुच मोदीजी लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दे रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी एक कर्मयोद्धा है, विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं उनके नेतृत्व में



सरकार और सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक/एयर स्ट्राइक कर जबरदस्त पराक्रम का प्रदर्शन कर दिखाया है कि भारत की रक्षा शक्ति दुनिया के किसी विकसित देश से कम नहीं है। भारत पारंपरिक लड़ाई के साथ-साथ माडर्न लड़ाई में दुनिया की पेशेवर सेनाओं में से एक है। भारतीय जवानों द्वारा पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर देना भारत की बड़ी शक्ति एवं सामर्थ्य का परिचायक है। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में सबसे बड़ा एवं साहसिक ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर को लेकर लिया जो जनसंघ के जमाने से उसकी प्राथमिकता रहा है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने का कदम उठाने के साथ-साथ राज्य को दो हिस्सों में बांटने का काम भी इसी कार्यकाल में हुआ। मोदी सरकार के फैसले के बाद कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान लागू हो गया है। मोदी की विकास की योजनाएं, नीतियां, सिद्धान्त और संकल्प सही परिणामों के साथ सही लोगों तक पहुंच रहे हैं।

श्री मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के एक छोटे से शहर में हुआ था। वे अति पिछड़ा वर्ग' परिवार से आते हैं, जो समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों में से है। वह बेहद गरीब, लेकिन प्यार देने वाले परिवार में पले बड़े। जीवन की शुरुआती कठिनाइयों ने न केवल उन्हें कड़ी मेहनत के मूल्य को सिखाया बल्कि उन्हें आम लोगों के कष्टों से भी अवगत कराया। आम जन की गरीबी ने उन्हें बहुत कम उम्र में ही लोगों और राष्ट्र की सेवा में डूबने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ काम किया, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक राष्ट्रवादी संगठन है और बाद में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन में काम करने के लिए खुद को राजनीति में समर्पित किया।

नरेन्द्र मोदी विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित है, उन्हें अनेक देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान प्रदत्त किये हैं। सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान किंग अब्दुलअजीज सैश' से तो रूस के शीर्ष सम्मान द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टले सम्मान', फिलिस्तीन के ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन' सम्मान, अफगानिस्तान के अमीर अमानुल्ला खान अवॉर्ड', यूएई के जायेद मेडल' और मालदीव के निशान इज्जुद्दीन' सम्मान से सम्मानित किया गया है। 2018 में प्रधानमंत्री मोदी को शांति और विकास में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार भी दिया गया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया के तमाम देशों के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं और देश का सिर सम्मान से ऊंचा उठा और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। मोदी-दर्शन कहता है-जो आदमी अभय से जुड़ता है वह अकेले में जीने का साहस करता है। जो अहिंसा को जीता है वह विश्व के साथ मैत्री स्थापित करता है। जो अनेकांत की भाषा में सोचता है वह वैचारिक विरोधों को विराम देता है। उनका आत्मविश्वास उन्हें नित-नवीन रोशनी देता है। यही पुरुषार्थ और निष्ठा उनको सीख और समझ देती है कि सिर्फ कुर्सी पर बैठने वालों का कर्तृत्व ही कामयाबी पर नहीं पहुंचता, सामान्य कागजों पर उतरने वाले आलेख भी इतिहास की विरासत बनते देखे गये हैं। समय से पहले समय के साथ जीने की तैयारी का दूसरा नाम है मोदी। दुनिया का कोई सिकंदर नहीं होता, वक्त सिकंदर होता है इसलिए जरूरी है कि हम वक्त के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना सीखें।

## चिंतन

# भगवान विश्वकर्मा : निर्माण एवं सृजन के जनक

**ई. प्रभात किशोर**

मोबाइल : 8544128428

सृष्टि में समस्त देवों में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का जनक माना गया है। वे सृष्टि के प्रथम सूत्रधार बताये गये है। देवौ सौ सूत्रधारः जगदखिल हितः ध्यायते सर्वसत्वै। कालक्रम के प्रत्येक युग में विश्वकर्मा ने अनगिनत नगरों, भवनों एवं संरचनात्मक ढांचों का निर्माण किया। शास्त्रों के अनुसार उनके प्रारूप पर सतयुग में स्वर्गलोक, त्रेता युग में सोने की श्रीलंका व जनकपुर एवं भगवान श्रीराम हेतु पुष्पक विमान, द्वापर युग में द्वारिका, हस्तिनापुर व इन्द्रप्रस्थ तथा कलियुग में ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर और उसमें स्थित कृष्ण, सुभद्रा व बलराम की मूर्तियां आदि कृतियों का निर्माण हुआ, जो स्थापत्य एवं सुन्दरता के साथ-साथ वास्तुशास्त्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण थे। इन्द्रपुरी, यमपुरी, कुबेरपुरी, सुदामापुरी आदि उन्हीं की रचना है। भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र, भगवान शंकर का त्रिशुल, यमराज का कालदंड, कर्ण का कवच- कुंडल, दिव्यास्त्र आदि के निर्माता भी वही है।

प्राचीन ग्रन्थों से यह विदित होता है कि एक ओर जहां त्रिदेव - ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश की अर्चना-वंदना की गयी है, वहीं विश्वकर्मा को भी स्मरण किया गया है। विशवं कृत्सनं कर्म व्यापारो वा यस्य सः। अर्थात जिसकी सम्यक सृष्टि और कर्म व्यापार है, वह विश्वकर्मा है। यद्यपि वे वैदिक देव के रूप में मान्य हैं, परन्तु उनका पौराणिक स्वरूप अलग है। आरम्भिक काल से हीं उनके प्रति सम्मान का भाव रहा है। उन्हें गृहस्थ जैसी संस्था हेतु आवश्यक संसाधनों के निर्माता व प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है। वास्तु के 18 उपदेष्टाओं में विश्वकर्मा हीं प्रमुख है तथा उनके मतों को सहज रूप में मान्यता प्राप्त है। भारतीय गणितज्ञ एवं खगोलविद वराहमिहिर ने भी उनके मतों को अनेक स्थानों पर उद्धृत किया है। सनातन ग्रन्थों में विश्वकर्मा को भगवान ब्रह्मा का सप्तम पुत्र बताया गया। उनके पांचों पुत्र क्रमशः मनु, माया, त्वस्त, शिल्पी, एवं देवज्ञ वास्तुशास्त्र की पांच अलग-अलग विधाओं में निपुण थे। मनु लुहार के, माया बढ़ई के, त्वस्त धातु कार्य के, शिल्पी पत्थर कार्य के तथा देवज्ञ स्वर्णकार के कार्य में विशेषज्ञ बताये जाते हैं। विष्णु पुराण के प्रथम अंश में विश्वकर्मा को देवों का वर्धकी यानी देव-बढ़ई बताया गया है तथा शिल्पावतार के रूप में महिमामंडित किया गया है। स्कंदपुराण में उन्हें देवायतनों का सृष्टिकर्ता बताया गया है। यही मान्यता अनेक पुराणों में उद्धृत की गयी है। शिल्प के ग्रन्थों के अनुसार वे शिल्प विद्या के इतने धनी थे कि जल पर चलने वाले खड़ाऊँ तैयार कर सकते थे। राजवल्लभ वास्तुशास्त्र एवं अन्य ग्रन्थों में उल्लिखित है कि सूर्य की मानव जीवन संहारक रश्मियों पर नियंत्रण का कार्य विश्वकर्मा ने हीं किया था। भारतीय संस्कृति में तकनीकी व व्यवसायिक संस्थानों, उद्योगों, कल-कारखानों में विश्वकर्मा को महता प्रदान की गयी है। हालांकि वेद, पुराण, उपनिषद एवं अन्य ग्रन्थों तथा उनमें उल्लिखित ज्ञान, विज्ञान, दर्शन आदि को कल्पनीय, अविश्वसनीय तथा आस्था का विषय करार देने वालों की कमी नहीं है। परन्तु चांद व मंगल के यात्रा अभियान, ध्वनि से तेज गति के सुपरसोनिक विमान, भारत व श्रीलंका के बीच का श्रीराम सेतु, लम्बी उँची अट्टालिकाएं, हाल में चीन के हुनान में दो पहाड़ियों के बीच कांच के सेतु निर्माण आदि अनगिनत अविश्वसीय संरचनाओं के प्रादूर्भाव से स्पष्ट है कि भारतीय ग्रन्थों एवं साहित्य में उल्लिखित विश्वकर्मा व अन्य शिल्पकारों की कृतियां यथार्थ में थीं, जो कालक्रम में मानव सभ्यता एवं विज्ञान के साथ उतार चढ़ाव की साक्षी रही। भारतवर्ष के मंदिर एवं अन्य प्राचीन संरचनाओं में प्रयुक्त तकनीकी विधा आज भी शोध का विषय है। विश्व के आदि तकनीकी ग्रन्थ विश्वकर्मीय ग्रन्थ हीं माने गये हैं, जिनमें न केवल वास्तुविद्या, वरन रथादि वाहन व रत्नों पर विमर्श है। विश्वकर्मा प्रकाश उनके प्रतिपादित मतों का जीवंत ग्रन्थ है जिसमें मानव एवं देव वास्तु विद्या को कई गणितीय सूत्रों के साथ दर्शाया गया है। आधुनिक युग में राष्ट्रनिर्माण के यज्ञ में संरचनात्मक विकास हेतु अभियंताओं, वास्तुविदों, वैज्ञानिकों व शिल्पकारों की भूमिका अपरिहार्य है।

## विशेष

# सुख समृद्धि का त्योहार है गणेश चतुर्थी

**बाल मुकुन्द ओझा**

मोबाइल : 9414441218

भगवान गणेश के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। देश के सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहारों में गणेश चतुर्थी एक है। गणेश चतुर्थी का त्योहार हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर 10 दिन बाद अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा के मुर्ति विसर्जन के बाद समाप्त होता है। इसकी सही तिथि को लेकर कई लोगों के मन में दुविधा है कि गणेश चतुर्थी 18 सितंबर को मनाया जाएगा या 19 को। इस साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 18 सितंबर 2023 और 19 सितंबर 2023 दो दिन पड़ रही हैं। शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 18 सितंबर 2023 को दोपहर 12:39 बजे से शुरू होकर 19 सितंबर 2023 को दोपहर 1:43 बजे खत्म होगी। उदया तिथि मानने वाले लोग 19 सितंबर 2023 को गणेश चतुर्थी मनाएंगे। इस दिन ब्रह्म, शुक्ल और शुभ योग बन रहे हैं। वहीं आप उदया तिथि को नहीं मानते हैं तो 18 सितंबर को आप धुमधाम से गणेश चतुर्थी मना सकते हैं. इस तरह गणेश उत्सव इस साल 19 सितंबर 2023 से 28 सितंबर 2023 तक चलेगा।

हमारे देश में प्रत्येक घर में तब तक कोई शुभ काम पूरा नहीं माना जाता जब तक वहां भगवान गणेश की पूजा न हो। इसके पीछे मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत इस दिन करने से फल अच्छा मिलता है। इस दिन गणेश जी की पूजा



करने से घर में सुख, समृद्धि और संपन्नता आती है। कई लोग व्रत रखते हैं। व्रत रखने से भगवान गणेश खुश होते हैं और श्रद्धालूओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह दिन भगवान गणेश की पूजा, आदर और सम्मान करने के लिए मनाया जाता है।

भारतीय जनजीवन में गणेशजी का अद्वितीय स्थान है। पंच देवताओं में वे अग्रगण्य हैं। प्रत्येक उत्सव, समारोह अथवा अनुष्ठान का आरंभ उन्हीं की पूजा-अर्चना से होता है। वे विद्या और बुद्धि के देवता हैं। इसके साथ ही वे विघ्न-विनाशक भी हैं। भगवान गणेश का अवतार ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के रूप में हुआ है।

इस कारण हमारे देश में किसी भी अच्छे काम की शुरूवात से पहले भगवान गणेश का आह्वान एक आम बात है। साथ ही इस त्योहार से हम अपने जीवन में शांति, समृद्धि और सद्भाव ला सकते है। पंचदेवों में से एक भगवान गणेश सर्वदा ही अग्रपूजा के अधिकारी हैं और उनके पूजन से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। श्रीगणेश के स्वतंत्र मंदिर कम ही जगहों पर देखने को मिलते हैं परंतु सभी मंदिरों, घरों, दुकानों आदि में भगवान गणेश विराजमान रहते हैं। इन जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा, चित्रपट या अन्य कोई प्रतीक अवश्य रखा मिलेगा. लेकिन कई स्थानों पर भगवान गणेश की स्वतंत्र मंदिर भी स्थापित है और उसकी महता भी अधिक बतायी जाती है. भारत ही नहीं भारत के बाहर भी भगवान गणेश हैं।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक एक बार मां पार्वती स्नान करने से पूर्व अपनी मैल से एक सुंदर बालक को उत्पन्न किया और उसका नाम गणेश रखा। फिर उसे अपना द्वारपाल बना कर दरवाजे पर पहरा देने का आदेश देकर स्नान करने चली गई। थोड़ी देर बाद भगवान शिव आए और द्वार के अन्दर प्रवेश करना चाहा तो गणेश ने उन्हें अन्दर जाने से रोक दिया। इसपर भगवान शिव क्रोधित हो गए और अपने त्रिशूल से गणेश के सिर को काट दिया और द्वार के अन्दर चले गए।

जब मां पार्वती ने पुत्र गणेश जी का कटा हुआ सिर देखा तो अत्यंत क्रोधित हो गई। तब ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं ने उनकी स्तुति कर उनको शांत किया और भोलेनाथ से बालक गणेश को जिंदा करने का अनुरोध किया। उनके अनुरोध को स्वीकारते हुए एक गज के कटे हुए मस्तक को श्री गणेश के धड़ से जोड़ कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। पार्वती जी हर्षातिरेक हो कर पुत्र गणेश को हृदय से लगा लेती हैं तथा उन्हें सभी देवताओं में अग्रणी होने का आशीर्वाद देती हैं। ब्रह्मा विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्रपूज्य होने का वरदान देते हैं।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# किम जोंग उन स्वदेश रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन रूस की छह दिन की यात्रा के बाद रविवार को स्वदेश रवाना हो गए हैं। किम ने रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र का दौरा किया। उनकी इस यात्रा को लेकर पश्चिमी देशों ने चिंता जाहिर की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले के बीच मॉस्को को उत्तर कोरिया से हथियार मिल सकते हैं, जिससे युद्ध में तेजी आ सकती है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'आरआईए' ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम को आर्त्योम में एक रेलवे स्टेशन पर विदाई दी गई इसके बाद उनकी बख्तरबंद ट्रेन रूसी देशभक्ति गीत 'फेयरवले ऑफ स्लावियांका' की धुन के बीच उत्तर कोरिया के लिए रवाना हो गई।



समारोह में रूस के प्राकृतिक संसाधन मंत्री एलेक्जेंडर कोजलोव और प्रिमोर्ये क्षेत्रीय गवर्नर ओलेग कोझेमयाको सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। किम अपनी बख्तरबंद ट्रेन से मंगलवार को रूस पहुंचे थे। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकत की थी और हथियारों और प्रौद्योगिकी से जुड़े कई स्थलों का दौरा किया। किम जोंग ने रविवार को एक विश्वविद्यालय का दौरा किया और और एक मछलीघर में शो भी देखा। रूस के सरकारी मीडिया ने एक वीडियो जारी किया जिसमें किम जोंग काला सूट पहने और अपने शीर्ष अधिकारियों के साथ रस्की द्वीप पर 'फार ईस्टर्न फेडरल यूनिवर्सिटी' में रूसी अधिकारियों से बात करते नजर आए। रूसी मीडिया के अनुसार किम ने द्वीप के प्रिमोर्स्की एक्वेरियम में बेलुगा व्हेल, बॉटलनोज डॉल्फिन, फर सील और वालरस को देखा। खबर के मुताबिक यात्रा के दौरान किम को परमाणु हमला करने में सक्षम बम वर्षक विमान, हाइपरसोनिक मिसाइल और रूस के प्रशांत बेड़े में शामिल उन्नत युद्धपोत दिखाए गए। अमेरिका और उसके सहयोगियों की चिंता है कि किम यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बीच मॉस्को को हथियार मुहैया करा सकते हैं और बदले में उत्तर कोरिया को रूस से उन्नत प्रौद्योगिकी मिल सकती है।

## प्रतियोगिता



इडुक्की में रविवार को थडुपुझा नगर पालिका ने 'भारतीय स्वच्छता लीग' के संदेश को फैलाने के लिए एक फ्लैश मॉब का आयोजन किया गया, जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए युवाओं के नेतृत्व में भारत की पहली अंतर-शहर प्रतियोगिता है।

# पिछली सरकारों की ओर से 'खास लोगों' को दिए 'ऋण' का नतीजा देश अब तक भुगत रहा : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर कुछ खास लोगों को कर्ज देने का रविवार को आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकारों में बिना मतलब के ऐसे ऋण दिए गए, जिसका नतीजा देश को अब तक भुगतना पड़ रहा है। सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विश्वकर्मा जयंती पर रविवार को 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' की शुरुआत के मौके पर यहां आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, पिछली सरकारों के दौरान केवल कुछ विशेष लोगों को ही कर्ज दिया जाता था। जो लोग सरकार के ज्यादा करीब थे, उन लोगों पर सरकार कुछ ज्यादा ही मेहरबान होती थी। पिछली सरकारों में बिना मतलब के ऐसे ऋण दिए गए, जिसका नतीजा देश को अब तक भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार उस तरह की सरकार नहीं है, जिसमें किसी के दोस्तों और रिश्तेदारों को बैंकों से बड़ी मात्रा में ऋण दिया जाता है। हमें आम आदमी, गरीब भाइयों और अपने व्यवसायियों पर भरोसा है। इस देश के गरीबों ने, यहां की जनता ने हम पर विश्वास जताया, हमें आशीर्वाद दिया, हमारी सरकार बनाई इसलिए हम भी यह पूरा प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी भी तरह से सिक्योरिटी और गारंटी के मामले में परेशान न किया जाए।'



रक्षा मंत्री ने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा, 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत के छोटे कामगारों के माध्यम से देश की आर्थिक समृद्धि का सपना देखा था। बापू का मानना था कि यदि देश के छोटे उद्योग सशक्त हुए तो ग्रामोदय होगा और यदि इस देश के गांवों का उदय हुआ तो हमारी विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा, बापू के सपने को साकार करने के लिए हम देश के छोटे उद्योगों को विकास की यात्रा में साथ लेकर चलने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। हमारा यह प्रयास आप सभी विश्वकर्मा भाइयों के बिना पूरा नहीं हो सकता।

लखनऊ से लोकसभा सांसद सिंह ने जनधन खातों का जिक्र करते हुए कहा, आंकड़े बताते हैं कि आज 50 करोड़ से ज्यादा जनधन खातों में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जमा हुए हैं। जिन जनधन खातों का मजाक उड़ाया गया आज उन्हीं जनधन खातों से आपको गैस की सब्सिडी मिलती है और उन्हीं खातों के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में भी आप लोगों को सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा, जब वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहचान पत्र हो सकते हैं, डॉक्टरों और इंजीनियरों के पास पहचान पत्र हो सकते हैं, तो आप सभी श्रमिकों और कारीगरों के पास पहचान पत्र क्यों नहीं हो सकते?

# किसी की जान की कोई कीमत नहीं लगा सकता : प्रियंका चोपड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अमेरिका में वाशिंगटन राज्य के सिएटल में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत और उससे जुड़े घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जीवन तो जीवन होता है और कोई भी व्यक्ति किसी की जान की कोई कीमत नहीं लगा सकता।



कंडुला जब 23 जनवरी 2023 को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था। वह मादक पदार्थ के 'ओवरडोज' से जुड़े एक मामले की सूचना पर गति सीमा का उल्लंघन करके 119 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिक रफ्तार से वाहन चला रहा था। सिएटल पुलिस विभाग द्वारा सोमवार को जारी किए गए 'बॉडीकैम फुटेज' में अधिकारी डेनियल ऑडरर को इस घातक दुर्घटना के बारे में हंसकर बात करते हुए पाया गया। इसी के साथ वह डेव की गलती की गुंजाइश को खारिज करते हुए भी नजर आ रहे हैं।

बॉडीकैम रिकॉर्डिंग वीडियो में ऑडररन को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि हां, बस एक चेक काटो... 11,000 अमेरिकी डॉलर का। वह वैसे भी 26 साल की थी। उसके जीवन की कीमत मामूली थी। लॉस एंजिलिस में रह रहीं प्रियंका ने शनिवार रात इंस्टाग्राम पर लिखा, यह भयावह है कि नौ महीने पहले हुई यह दुखद घटना अब सामने आई है। एक जीवन तो जीवन होता है। कोई इसकी कोई कीमत नहीं लगा सकता। अमेरिकी सांसदों और भारतीय-अमेरिकियों ने कंडुला की मौत पर आक्रोश व्यक्त किया है।

# देश की लोकतांत्रिक यात्रा का साक्षी रहा पुराना संसद भवन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नयी दिल्ली। देश की पवित्र विधायिका के रूप में अपना दर्जा जल्द ही नए परिसर को सौंपने वाला पुराना संसद भवन 96 वर्ष से अधिक समय तक कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम और भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का साक्षी रहा। पुराने संसद भवन का उद्घाटन तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने 18 जनवरी, 1927 को किया था। इस इमारत ने औपनिवेशिक शासन, द्वितीय विश्व युद्ध, स्वतंत्रता की सुबह, संविधान को अंगीकार किए जाते और कई विधेयकों को पारित होते देखा, जिनमें से कई ऐतिहासिक एवं कई विवादित रहे। संसद के 18 सितंबर से शुरू होने वाले पांच दिन के विशेष सत्र के दौरान पहले दिन संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, स्मृतियों और सीख पर चर्चा होगी।


विशेष सत्र की शुरुआत पुराने संसद भवन से होगी और अगले दिन कार्यवाही नए भवन में होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मई को नए संसद परिसर का उद्घाटन किया था और आशा व्यक्त की थी कि नया भवन सशक्तीकरण, सपनों को प्रज्वलित करने और उन्हें वास्तविकता में बदलने का उद्गम स्थल बनेगा। उद्घाटन के समय कई सांसदों और मशहूर हस्तियों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने नए परिसर के निर्माण की प्रशंसा की थी। विधायी कामकाज के नए अत्याधुनिक भवन में स्थानांतरित होते ही भारत कई मायनों में इतिहास का एक पन्ना पलटेगा। इतिहासकार और वास्तुकार, पुरानी इमारत को भारत के इतिहास और इसके लोकतांत्रिक लोकाचार के केंद्र और दिल्ली के वास्तुशिल्प आभूषण के रूप में वर्णित करते हैं। पहली मंजिल पर लाल बलुआ पत्थर के 144 स्तंभ वाला गोलाकार पुराना संसद भवन वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है। पुरानी इमारत का उस समय बहुत धूमधाम से उद्घाटन किया गया था, जब ब्रितानी राज की नयी शाही राजधानी – नयी दिल्ली – का रायसीना हिल क्षेत्र में निर्माण किया जा रहा था। अभिलेखीय दस्तावेजों और दुर्लभ पुरानी तस्वीरों के अनुसार, इस भव्य इमारत के उद्घाटन के लिए 18 जनवरी, 1927 को एक भव्य आयोजन किया गया था। उस समय इसे 'काउंसिल हाउस' के रूप में जाना जाता था। कुल 560 फुट के व्यास और एक-तिहाई मील की परिधि वाली इस इमारत को सर हर्बर्ट बेकर ने डिजाइन किया था, जिन्हें सर एडविन लुटियंस के साथ रायसीना हिल क्षेत्र में नई शाही राजधानी को डिजाइन करने के लिए चुना गया था।

'न्यू डेल्ही – मेकिंग ऑफ ए कैपिटल' पुस्तक के अनुसार, लॉर्ड इरविन अपनी गाड़ी में 'ग्रेट प्लेस' पहुंचे थे और फिर उन्होंने सर हर्बर्ट बेकर द्वारा उन्हें सौंपी गई सुनहरी चाबी से 'काउंसिल हाउस' का दरवाजा खोला था। उस समय घरेलू और विदेशी मीडिया में संसद भवन के उद्घाटन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

# जयपुर देव फेस्टिवल में हेमा मालिनी सहित कई फ़िल्मी हस्तिया करेंगी शिरकत

जयपुर/वार्ता

मशहूर फिल्म अभिनेता देव आनंद की सौवीं जयंती पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में 24 से 26 सितंबर तक आयोजित जयपुर देव फेस्टिवल में प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी सहित कई फ़िल्मी हस्तियां शिरकत करेंगी। 'द एवरग्रीन देव आनंद सोसाइटी', जयपुर द्वारा श्री आनंद की सौंवी जयंती के उपलक्ष्य में 24 सितंबर से तीन दिवसीय एक यादगार एवं भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। द एवरग्रीन देव आनंद सोसाइटी अध्यक्ष रवि कामरा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के पोस्टर का विमोचन शनिवार को किया गया। समारोह में आज भी युवाओ के हरदिल अजीज फैशन स्टाइल आइकॉन देव आनंद से जुड़े लम्हों को याद किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 24 सितंबर शाम छह बजे से देव साहब को समर्पित गाता रहे मेरा दिल गीतों भरी संगीतमय शाम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना डूंगरी में होगी वहीं 25 सितम्बर को जवाहर कला केंद्र में एक पोस्ट एंड टेलीग्राफ डिपार्टमेनेट के द्वारा फिल्म अभिनेताओं की पोस्टल स्टाम्प प्रदर्शनी होगी। 26 सितम्बर सुबह 10 बजे जवाहर कला केन्द्र में जयपुर के 10 से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थी देव साहब पर केन्द्रित म्यूजिकल प्रश्नोत्तरी में भाग लेंगे जिसका संचालन रिटायर्ड आईएएस महेन्द्र सुराना करेंगे।



उसी दिन शाम छह बजे विश्वविख्यात सिनेमा घर राज मंदिर में देव साहब के दीवानो के मध्य फिल्म जगत की जानी-मानी अदाकारा हेमा मालिनी , लेखक एवं पदमश्री भावना सोमैया, प्रोडूसर अमित खन्ना शिरकत करेंगे वहीं जयपुर के म्यूजिक आइकॉन पदम भूषण ग्रामी अवार्ड विजेता पंडित विश्वमोहन भट्ट द्वारा मोहन वीणा पर लाइव परफॉर्मन्स विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सिटी लाइव चैनल के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर जयपुर के कई सिनेमाघरों में देव आनंद की फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जायेगा।

# कंगना ने मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

मुंबई/एजेन्सी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 73वां जन्मदिन मना रहे हैं। लोग उन्हें ढेरों शुभकामनाएं और बधाइयां दे रहे हैं। आम लोगों से लेकर सेलेब्स तक दुनिया के मोस्ट पॉपुलर पीएम मोदी को जन्मदिन विश कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नरेंद्र मोदी के लिए बधाइयों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में एक्ट्रेस कंगना रनौत का नाम भी शामिल है। जहां वो अनुराग कश्यप के साथ विवादों को लेकर छाई हुई हैं। इसी बीच उन्होंने पीएम को बर्थडे विश किया और उनकी तुलना भगवान श्रीराम से की है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा?



दरअसल, पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर कंगना रनौत ने द (ट्विटर) पर पोस्ट शेयर की है। एक्ट्रेस ने पीएम की फोटो को शेयर करने के साथ ही बर्थडे विश किया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'दुनिया के सबसे चहेते नेता, एक साधारण व्यक्ति को जन्मदिन की शुभकामनाएं, जो अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ता से ऊंचाइयों तक पहुंचे और नए भारत के निर्माता बने। आप भारत के प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि भगवान राम की तरह आपका नाम इस देश की चेतना में हमेशा के लिए अंकित हो गया है। आपके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करती हूं सर।' पीएम मोदी ने दिया धन्यवाद इसके अलावा कंगना रनौत की पोस्ट पर पीएम मोदी ने भी अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने जन्मदिन विश करने के लिए एक्ट्रेस का शुक्रिया भी अदा किया है। इसके अलावा कंगना की पोस्ट पर लोगों के मिले-जुले रिएक्शन्स देखने के लिए मिल रहे हैं।

# सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित हुए एनटीआर जूनियर

मुंबई/वार्ता

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार एनटीआर जूनियर फिल्म आरआरआर के लिये साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किये गये। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर में अपने बेस्ट परफॉर्मन्स के लिए साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता है। एस.एस. राजामौली द्वारा निर्देशित फिल्म आरआरआर में एनटीआर जूनियर ने कोमाराम भीम के चरित्र को जीवंत कर दिया था। एक आदिवासी नेता, उग्र और निडर कोमाराम भीम का एनटीआर जूनियर द्वारा निभाया गया किरदार दर्शकों को बहुत पसंद आया था।



आरआरआर की टीम और अपने फैंस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, एनटीआर जूनियर ने कहा, मैं अपने सह-कलाकार, मेरे भाई, मेरे दोस्त चरण को आरआरआर के समर्थन के स्तंभ के रूप में मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद करना चाहूंगा। मैं अपने सभी फैंस को धन्यवाद देना पसंद करूंगा। मैं अपने फैंस को नमन करता हूं जो मेरे हर उतार-चढ़ाव में हमेशा मेरे साथ रहे हैं। आप हर समय मेरे समर्थन के स्तंभ रहे हैं।एनटीआर जूनियर इन दिनों फिल्म देवारा की शूटिंग कर रहे हैं, जो 05 अप्रैल 2024 को पूरे भारत में रिलीज़ होगी।



# 'सिंघम अगेन' का हुआ शुभारम्भ

मुंबई/एजेन्सी

रोहित शेट्टी और अजय देवगन की 'सिंघम' को 2011 में रिलीज किया गया था। इसमें सिनेमैटिक कॉप यूनिवर्स को दिखाया गया था कि कैसे पुलिस वाले की जिंदगी होती है। फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिला था। इसके बाद साल 2014 में 'सिंघम रिटर्न्स' आई और इस पर भी दर्शकों ने भरपूर प्यार लुटाया है। इसके बाद अब इसकी तीसरी किस्त काफी चर्चा में हैं और 'सिंघम अगेन' का शुभारंभ हो गया है।

12 साल बाद एक बार फिर से आप रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स को देख पाएंगे। इस बार फिल्म दमदार स्टारकास्ट के साथ आ रही है। साथ ही सबसे दिलचस्प विलेन हैं, जो एक साथ तीन स्टार्स को टक्कर देने आ रहा है। दरअसल, 'सिंघम अगेन' के शुभारंभ की जानकारी अजय देवगन, रोहित शेट्टी, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार ने फोटोज शेयर करके दी। इसके शुभारंभ की फोटोज में रोहित शेट्टी, अजय देवगन और रणवीर सिंह को अपने किरदारों में देखा जा सकता है।

रणवीर 'सिंबा' लुक में नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में वो सभी साथ में का मुहूर्त करते हैं। अजय देवगन ने फोटोज को शेयर करने के साथ ही जानकारी दी कि सिंघम फैमिली एक बार फिर से साथ में आ गई है। इस अपडेट के बाद फैंस फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड दिखे हैं। वो जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अभी से ही लोगों में काफी क्रेज देखने के लिए मिल रहा है। कइयों ने तो इसकी शूटिंग से पहले ही ब्लॉकबस्टर बता दिया है। अर्जुन कपूर करेंगे तीनों स्टार्स की नाक में दम! मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अजय देवगन, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'सिंघम अगेन' में अर्जुन कपूर की एंट्री हो गई है।

मगर बताया जा रहा है कि वो इसमें विलेन की भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की गई है। इसके अलावा फीमेल लीड में दीपिका पादुकोण का नाम सामने आया है। ऐसे में अब इस मल्टीस्टारर फिल्म को लेकर लोग बेताब हैं। देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि फिल्म लोगों की उम्मीदों पर खरा उतर पाती है या नहीं।

# मामू पर एहसान करना, सलमान ने लिखी भांजी अलिजेह के लिए पोस्ट

मुंबई/एजेन्सी

सलमान खान इन दिनों फिल्म 'टाइगर वर्सेज पठान' और 'टाइगर-3' को लेकर चर्चा में हैं। बीते दिन ही खबर सामने आई थी कि उन्होंने 'टाइगर वर्सेज पठान' की स्क्रिप्ट को लॉक कर दिया है। इसकी शूटिंग अगले साल यानी कि मार्च 2024 में शुरू की जाएगी। इसी बीच एक्टर एक बार फिर से चर्चा में आ गए हैं। मगर इस बार वो अपनी किसी फिल्म को लेकर नहीं बल्कि भांजी के लिए लिखी पोस्ट की वजह से। उन्होंने बहन अलवीरा खान अग्निहोत्री की बेटी अलीजेह अग्निहोत्री के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी है और सलाह दी है। आइए बताते हैं आखिर माजरा क्या है और एक्टर ने क्या नसीहत दी है? सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर बहन अलवीरा खान अग्निहोत्री की बेटी और अपनी भांजी अलिजेह अग्निहोत्री की एक अनसीन फोटो



शेयर की है। इसमें उनकी भांजी के बचपन की फोटो है। मामा-भांजी में कमाल की बॉन्डिंग देखने के लिए मिल रही है। इसे शेयर करने के साथ ही भाईजान ने भांजी को जिंदगी की बड़ी सीख दी और नसीहत भी दी। सलमान खान ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मामू पर एक एहसान करो, जो भी करना दिल और मेहनत से करना। हमेशा याद रखना, लाइफ में सीधे चलो और दाहिने मुड़ो। सिर्फ खुद से कॉम्पटीशन करना। फिट होने के चक्कर में सेम मत हो जाना और अलग होने के चक्कर में सबसे अलग मत हो जाना।' संगीता बिजलानी ने किया कमेंट सलमान अपनी पोस्ट में आगे फिर से लिखते हैं, 'और सबसे जरूरी बात, एक बार जो तुमने कमिटमेंट कर दी तो फिर मामू की भी नहीं सुनना।' भाईजान की इस पोस्ट पर लोगों ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है।

उनकी पोस्ट पर संगीता बिजलानी ने भी रिएक्शन दिया और सलमान की नसीहत की तारीफ की है। इसके अलावा फलक नाज, प्रियंका चाहर चौधरी, ताहिर शब्बीर ने भी इस पर अपना रिएक्शन दर्ज कराया है। बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं अलिजेह सलमान खान की भांजी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। अलिजेह, सौमेंद्र पाधी की फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। 2022 में इसकी शूटिंग शुरू हुई थी। अब इसकी रिलीज से पहले ही एक्टर ने भांजी को नसीहत दी और जिंदगी की बड़ी सीख भी दी। इससे पहले, साल 2019 में एक इंटरव्यू में दिवंगत कोरियोग्राफर सरोज खान ने अलिजेह के डेब्यू का खुलासा किया था।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहां लालबाग रोड क्रॉस स्थित गोड़वाड़ भवन में गत 12 से 18 सितम्बर तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से 6 बजे तक पर्युषण में रात्रि भोजन त्याग की भावना वाले पुण्यशाली आराधकों की सुविधा हेतु चौविहार हाउस चलाया गया।



# पर्युषण का छठा दिन ध्यान दिवस के रूप में मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां टी दासरहल्ली में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा में पर्युषण पर्व के छठवें दिन ध्यान दिवस पर उपासक भंवरलाल माण्डोत एवं छत्तर सिंह सेठिया ने कहा जप का अर्थ है, मंत्र की पुनरावृति। एक मंत्र ले लिया और आत्मा के साथ तरात्म्य स्थापित कर लिया वह मंत्र चलेगा। आत्मा की स्मृक्ति होती रहेगी। आराधना के लिए मंत्र का प्रयोग होता है। यह भारतीय दर्शनों में मंत्र का बहुत विकास हुआ है, मंत्र शक्ति से उपलब्धियां अर्जित की जा सकती हैं। एक ऐसी शक्ति की आराधना करना जिस शक्ति के द्वारा परिवर्तन हो सके जो कामना है, वह पूरी हो सके कार्यसिद्धि के लिए एवं विशेष प्रकार की आकांक्षा की पूर्ति के लिए आराधना की जाती है। सबसे बड़ी शक्ति अध्यात्म की होती है। अन्य शक्तियों का भी अपना अपना महत्व होता है। आराधना में जप का प्रयोगमुख्य होता है साथ में तप का प्रयोग भी चलता है। दुनिया में शक्ति का महत्व होता है। संसार की सभी आत्माएं एक समान है, सभी एक सी शक्तियां विद्यमान है। चेतना जगत में जो भेदभाव दिखाई पड़ता है। इन अत्मिक शक्तियों का वाद विवाद ही है। शक्ति विहीन व्यक्ति अपने आप में रिक्तता का अनुभव करता है। संभवत कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं जिसके जीवन में कुछ न हो या समस्या न आये, तनाव वर्तमान जीवन की बड़ी समस्या है। इनका उपाय, मंत्र जाप का उपयोग करना ही इन सारी समस्याओं और तनाव से मुक्त रखने में सहायक। क

प्रति रविवारीय ज्ञानशाला का क्रम भी इस बार उपासक की उपस्थिति में आयोजित हुई। सभी ज्ञानशाला के विद्यार्थियों को छोटे छोटे संकल्प करवाये गए। एवं सामायिक की प्रेरणा दी गई। इस मौके पर तेरापंथ सभा ट्रस्ट के पदाधिकारीगण, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ युवक परिषद एवीं जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति रही। संचालन सभा मंत्री प्रवीण बोहरा ने किया।



सिंघवी परिवार का स्वागत करते हुए गोड़वाड़ भवन जैन ट्रस्ट के पदाधिकारीगण एवं रूपचन्द सिंघवी को बधाई देते हुए सदस्यगण।

# गोड़वाड़ भवन में सुचारू रूप से संचालित हुआ चौविहार हाउस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां लालबाग रोड क्रॉस स्थित गोड़वाड़ भवन में गत 12 से 18 सितम्बर तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से 6 बजे तक पर्युषण में रात्रि भोजन त्याग की भावना वाले पुण्यशाली आराधकों की सुविधा हेतु चौविहार हाउस चलाया गया। श्री गोडवाड़ भवन जैन ट्रस्ट बेंगलूरु द्वारा संचालित इस चौविहार में प्रतिदिन लगभग 2 हजार से अधिक आराधकों ने भोजन किया। कुमारपाल सिसोदिया समय-समय व्यवस्था के लिए हैंड माइक द्वारा लोगों को दिशा निर्देश दे रहे थे। इस चौविहार हाउस के मुख्य लाभार्थी पीटीसी ग्रुप एवं पीटेक्स प्रतिष्ठान के चम्पालाल, प्रकाशचन्द, रूपचन्द, भरतकुमार, विशालकुमार, अभिषेक, कविश सिंघवी परिवार चेलावास का रविवार शाम को चौविहार हाउस में सम्मान किया गया। इस मौके पर गोड़वाड़ जैन महासभा के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। सिंघवी परिवार के प्रमुख चम्पालाल सिंघवी, प्रकाशचन्द एवं रूपचन्द सिंघवी का पगड़ी, माला पहनाकर एवं शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर गोड़वाड़ जैन महासभा के भीमराज करबावाला, कुमारपाल सिसोदिया, श्री गोडवाड़ भवन जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप सुराणा, महामंत्री विक्रम करबावाला, सहमंत्री रमेश चंदावत, कोषाध्यक्ष गौतम के मेहता आदि ने सिंघवी परिवार का सम्मान किया। गोडवाड भवन जैन ट्रस्ट द्वारा चौविहार की व्यवस्था और सुविधा को देखते हुए स्वत: ही आने वाले वर्षों के लिए प्रायोजकों के भी नाम आने शुरु हो गए हैं।



# 'आध्यात्मिक आरोहण का उपक्रम है जप'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां राजराजेश्वरीनगर स्थित तेरापंथ सभा भवन में आचार्यश्री महाश्रमणजी के शिष्य मुनिश्री दीप कुमारजी के सान्निध्य में जैन धर्म के मुख्य पर्व पर्वाधिराज पर्युषण के छठे दिन जप दिवस के रूप में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा राजराजेश्वरीनगर और विजयनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस मौके पर मुनिश्री दीप कुमारजी ने कहा कि जप आध्यात्मिक आरोहण का एक प्रशस्त उपक्रम है। मंत्र अचिन्त्य प्रभाव उत्पन्न करनेवाली शक्तियों में से एक शक्ति है। मंत्र का पुनः पुनः उच्चारण जप है। मंत्र साधना में शब्द, भावना और प्रकंपन तीनों का योग होना जरूरी होता है। भावना प्रबल हो तो कोरा शब्द भी शक्तिशाली बन जाता है। विधिपूर्वक, अनुष्ठानपूर्वक, लयबद्ध होकर भावना पूर्वक मंत्र का उच्चारण करने से मंत्र में प्राणशक्ति का संचार होता है। शुद्ध लयबद्ध मंत्रोचारण करने से प्राणशक्ति प्रखर होती है।

जप के द्वारा जैसा चाहो, वैसा बना जा सकता है। जप आध्यात्मिक चिकित्सा है। मुनिश्री ने नमस्कार महामंत्र आदि मंत्रों के प्रयोगों के द्वारा विस्तार से मंत्र आराधना का विवेचन किया। भगवान महावीर के पूर्व भव के नंदन कुमार के भव का वर्णन किया। मुनिश्री काव्य कुमारजी ने कहा- सभी 'धर्म सम्प्रदायों में मंत्र साधना की परम्परा रही है। मंत्र साधक के पास मुख्य तीन शक्तियाँ होती है। आत्मशक्ति, मंत्र शक्ति, इष्ट शक्ति। मंत्र जप का अर्थ है पुनरावृत्ति। विघ्न निवारण के लिए भी मंत्र प्रयोग बहुत उपयोगी होता है।

कार्यक्रम में मंगलाचरण तेरापंथ कन्या मंडल-विजयनगर ने किया। राजराजेश्वरी नगर तेरापंथ महिला मंडल ने स्वागत गीत का संगान किया। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा राजराजेश्वरी नगर मंत्री हेमराज ने मुनिश्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## भिक्षु स्वर संध्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के तेरापंथ युवक परिषद एचबीएसटी हनुमंतनगर में मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में 221वां आचार्यश्री भिक्षु चरमोत्सव की पूर्व संध्या में आयोजित भिक्षु स्वर संध्या का आगाज तेरापंथ भवन विजयनगर में किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 26 सितंबर को आचार्य श्री तुलसी-महाप्रज्ञ चेतना सेवा केंद्र कुम्बलगोडु में भिक्षु स्वामी की भजन संध्या का आयोजन होगा जहाँ मुधुर गायक ऋषि दूगड़ व स्थानीय गायकर अपनी प्रस्तुति देकर भिक्षु की महिमा का गुणगान करेंगे।

# महावीर धर्मशाला में हुई 'एक शाम प्रभु वीर के नाम'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। तप से हमारे सुप्त संस्कारों का जागरण होता है और ये जागरण हमारे आध्यात्मिक विकास को गति देता है। तप का उद्धेश्य मात्र हमारी ऊर्जा का अर्जन नहीं, उस ऊर्जा का संरक्षण व सुनियोजन भी है। जो अपनी ऊर्जा को संरक्षित कर लेता है वह सामर्थ्यवान हो जाता है। तपश्चर्या कोई चमत्कार न होकर स्वयं का परिष्कार है। गजानन, भंडारी, बोहरा, कोठारी एवं सेठ परिवारों के सदस्यों ने भी सांसारिक आकांक्षाओं रहित कर्म निर्जरा की कदम बढ़ाते हुए सिद्धी तप की ओर कदम बढ़ाये। परिवार जनों के सिद्धी तप के उपलक्ष्य में अशोक गजानन, प्रमोद भंडारी, दिनेश बोहरा, दिलीप कोठारी इत्यादि परिवार द्वारा वीवी पुरम स्थित महावीर धर्मशाला प्रभु महावीर की भक्ति का एक विशाल आयोजन एक शाम प्रभु वीर के नाम का आयोजन किया गया।

प्रमोद भंडारी के अनुसार आयोजन में जयपुर के गायक राजीव विजयवर्गीय की प्रभु महावीर पर भक्तिमय प्रस्तुति ने भक्तगणों को झूमने पर मजबूर कर दिया और संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया, साथ ही भक्तों ने प्रभु महावीर के पालने के दर्शन कर पुण्यवाणी का अर्जन किया।

अशोक कुमार सेठ, प्रमिला अशोक गजानन, जूली दिलीप कोठारी, सुनीता गौतम कोठारी, रितु प्रमोद भंडारी, लता दिनेश बोहरा, वसु लोकेश सेठ, नीतू भरत भंडारी इत्यादि के तपोलक्ष में आयोजित इस भक्तिमय आयोजन में तेजराज गुलेच्छा, दिलीप सुराणा, राजेंद्र जैन, प्रकाश सिंघवी, पारस भंडारी, श्रीपाल खींवेसरा, इंदरचंद बोहरा, राजेंद्र गांधी के साथ अनेकों गणमान्यों ने उपस्थित होकर तपस्वियों का तपभिनंदन किया।

# अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र शिविर का आयोजन

मैसूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जैन संगठन अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र शिविर का लाभ उठाने के लिए मैसूर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजन कर रहा है, ताकि इसका उपयोग सरकार से लेकर अल्पसंख्यक छात्रों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यवसायों आदि के लिए कई उद्देश्यों में किया जा सके। जैन समुदाय को अल्पसंख्यक दर्जा केंद्र सरकार द्वारा 28 जनवरी 2014 में प्रदान किया गया था जिसमें विभिन्न अधिकारों की गारंटी संविधान द्वारा दी गई है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जैन समुदाय को बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यक अधिकार और लाभ दिए जाते हैं।

रविवार को श्री स्थानकवासी जैन भवन में श्री स्थानकवासी जैन युवा संगठन एवं भारतीय जैन संगठन सहित अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जैन समुदाय के सदस्य प्रमाण पत्र बनाने के लिए आगे आए हैं। आने वाले सप्ताह में प्रत्येक रविवार को मैसूरु में विभिन्न जगहों पर इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष सुभाष धोका, सचिव बुधमल बाघमार, बीजेएस उपाध्यक्ष राजन बाघमार, सचिव कुशल पालरेचा, कोषाध्यक्ष मनोहर सांखला, परियोजना निदेशक निशा जैन और राजेंद्र देसरला आदि उपस्थित थे।

# 'माता-पिता के आशीर्वाद से बड़ा कोई आशीर्वाद नहीं'

बेंगलूरु। यहां अक्कीपेट के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित महासाध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि ये बिल्कुल सही है कि माँ बाप सारी जिंदगी ये सोचते है कि मेरा बेटा पढ़ लिखकर लायक बन जाये। निश्चित रूप से बेटा लायक बनता है और इतना लायक बन जाता है कि उसे अपने माँ-बाप नालायक लगने लगते हैं। 'मातृ देवो भवः' 'पितृ देवो भवः' की उक्ति जिस धरती पर चरितार्थ हुई, उसी धरती पर माता-पिता को बुढ़ापे में अपनी ही सन्तान की उपेक्षा के दंश का दर्द झेलना पड़ रहा है। ये हमारा दुर्भाग्य है, हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का, दिनों दिन क्षरण होता जा रहा है इसलिए जरूरत है कि हम अपने बच्चों के मन में सांस्कृतिक निष्ठा जगायें, और उनको ये बताएं कि माँ-बाप का क्या मूल्य है? उनमें संवेदना को जाग्रत करने की जरूरत है, और युवाओं को ये बताने की जरूरत है, कि तुम्हारे माँ-बाप का तुम्हारे ऊपर क्या उपकार है? किस प्रकार की परिस्थितियों में उन्होंने तुम्हारी परवरिश की। आज तुम जिस लायक बने हो वो कैसे बने हो? सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।

# भाद्रमास की भव्यता, दिव्यता शुद्धता, निर्मलता अलौकिक है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। सिमंधर स्वामी राजेंद्र सूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणा श्री जी ने पर्युषण अंतर्गत भाद्रमास की भद्रता के बारे में कहा कि जैनधर्म में सभी मासों का राजा, महाराजा भाद्रमास को कहा जाता है। हर मास की कोई न कोई उपयोगिता और महत्त्व है पर जैनियों के लिए भाद्रमास से बढ़कर कोई उत्तम मास नहीं है। इस मास का हर दिन, हर पल मंगलमय है। इस मास के आगमन से भव्य जीवों में विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार स्वत: होने लगता है। परिणामों में परिवर्तन दिखाई देने लगता है, सोया हुआ उपादान जागृत होने लगता है, सभी जीवों में भी परमात्मा की भक्ति, दर्शन और पूजन के भाव जागृत होने लगते हैं। श्रावकों में स्वाध्याय के साथ व्रत, नियम धारण की भावनाएं स्वत: स्फुरित होने लगती हैं। साध्वीश्री शीतल गुणाश्रीजी ने कहा कि भाद्रमास की भव्यता, दिव्यता शुद्धता, विशुद्धता और निर्मलता अलौकिक है। यह मास आत्मशुद्धि आत्मानुभूति आत्मावलोकन के लिए सर्वश्रेष्ठ है। मेघराज भंसाली ने बताया कि बारसा सूत्र वोहराने का लाभ सुआ बाई लालचंद भंडारी परिवार ने लिया है। सोमवार को सभी तपस्वियों का सामूहिक पच्चखाण का आयोजन किया गया है। जयंतीलाल पटियात, चंपालाल गादिया, सुरेश वाणीगोता, गुलाबचंद वाणीगोता, कांतिलाल मेहता आदि उपस्थित रहे।






Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com